
"महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।"

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com इंदौर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 296 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 हल्की बारिश ने किसानों को डाला चिंता में

5 हर्षित को गंभीर ने दी थी चेतावनी

6 एमवायएच में शराब पीकर नहीं घुस सकेंगे लोग

# नाम सर्वे का, लड़ाई वर्चस्व की
## एक जाजम पर बैठने से लगा विराम



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम में नेताओं और अधिकारियों के बीच में उठे विवाद की चिंगारी कहीं बड़ी लपट का रूप न ले लें, इसको लेकर सीएम के निर्देश के बाद कल रेसीडेंसी कोठी में एक बंद कमरे के अंदर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, बीजेपी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप यादव सभी बैठे। इस दौरान महापौर ने साफ कहा कि संपत्ति कर को लेकर विवाद बिना जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए सर्वे होने से हुआ है। संपत्ति कर जरूरी है, लेकिन इसके लिए पूरा एक प्रोटोकॉल और नियम होना चाहिए। इसके बाद सभी की रेसीडेंसी कोठी में संयुक्त बैठक हुई। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट के साथ महापौर, बीजेपी नगर अध्यक्ष और सभी अधिकारी शामिल थे। सभी को समझाया गया कि मिलकर काम करना है। इस बीच, विवाद के बाद संपत्तिकर का काम फिलहाल रोक दिया गया है। इस पर मंत्री ने भी निगम आयुक्त दिलीप यादव से कहा कि संपत्ति कर का काम ठीक है। लेकिन बिना नेताओं को विश्वास में लिए हुए काम किया जाना उचित नहीं। घर की बात है, सभी मिलकर काम करें।

### फिर गड्ढों को लेकर हुई लंबी बात

बैठक में मुख्य रूप से बात गड्ढों को लेकर हुई। लंबे समय से कांग्रेस इसे मुद्दा बना रही है। सीएम डॉ.मोहन यादव भी इस बात को लेकर निर्देश दे चुके हैं। इसमें बात उठी कि गड्ढे केवल नगर निगम के कारण नहीं हैं। इसमें विविध एजेंसी मेट्रो, पीडब्ल्यूडी, एमपीआईडीसी, एनएचएआई इन सबके भी काम हैं। सर्विस रोड खराब है और अकेले नगर निगम घिर जाता है। इस पर मंत्री ने कलेक्टर से कहा कि नगर निगम के गड्ढों को छोड़कर बाकी सारी एजेंसियों से गड्ढे भरवाने के काम का जिम्मा उनका है। वह इस मामले में लीड लें और सभी से एक महीने भीतर गड्ढे भरवाने का काम पूरा करवाएं। वहीं निगम से कहा गया कि एक महीने के भीतर निगम के दायरे में आने वाली सड़कों के गड्ढे भरवाए जाएं।

मंत्री विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गड्ढों को लेकर मुख्य तौर पर बात हुई है। सभी से कहा गया है कि वह एक महीने के भीतर इन गड्ढों को भरने का काम पूरा करें। नगर निगम के जो काम हैं वह नगर निगम करेगा। बाकी एजेंसी से तालमेल करके काम करवाने का काम कलेक्टर को बोला गया है। वहीं, पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जो विवाद है वो खत्म हो गया है। संपत्ति कर भी जरूरी है। इसके लिए, सूचना जारी की जाएगी। एक एसओपी बनाई जाएगी जिसके तहत सूचना जारी करके संपत्ति कर को लेकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से फिर बात हुई है। सभी ने बात करके इसको खत्म करवाया जाएगा। भार्गव ने कहा कि जहां तक विवाद की बात है तो घर में भी झगड़े होते हैं। बड़े-बुजुर्ग बैठ कर समझाते हैं तो मामला खत्म हो जाता है। इसमें भी यही हुआ है।

### राजनीति का अखाड़ा बना इंदौर नगर निगम

इंदौर नगर निगम इन दिनों राजनीति का अखाड़ा बन गया है। जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों के बीच सामंजस्य की डोर पूरी तरह टूट चुकी है। प्रशासन और चुने हुए प्रतिनिधि पक्ष-विपक्ष की तरह बर्ताव कर रहे हैं। ऐसे में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विवाद उस समय गहराया जब निगम द्वारा वार्ड 74 में शुरू किए गए संपत्ति सर्वेक्षण अभियान पर जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी झड़प हुई और एक-दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराने की नौबत आ गई।

---

### ब्रेकिंग न्यूज

- मॉस्को पर यूक्रेन के ड्रोन हमले, रूस ने 34 ड्रोन गिराए, दो एयरपोर्ट बंद
- इन्फेंट्री डे पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की
- बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा से 4 किलो से अधिक हेरोइन की खेप पकड़ी
- आत्महत्या मामले में फंसे आईएएस अधिकारी तालो पोतों ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण
- छठ पूजा का आज तीसरा दिन, शाम 4 बजे गोमती किनारे कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी आदित्यनाथ
- अमेरिकी महंगाई डेटा से उम्मीदें बढ़ीं, भारतीय शेयर बाजार आज मजबूती के साथ खुलने की संभावना
- बिहार: बीजेपी ने बगावत करने वाले 4 नेताओं को पार्टी से निकाला
- दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड, आज शाम हल्की बारिश से आसार
- मुंबई : अमित शाह आज इंडिया मॅरिटाइम वीक 2025 का करेंगे उद्घाटन, कई राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- यूरोपीय संघ प्रतिनिधिमंडल आज से तीन दिवसीय भारत दौरे पर, फ्री ट्रेड डील पर चर्चा होगी
- पंचकूला: पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा आज अपने बेटे की हत्या मामले में पुलिस जांच में शामिल होंगे
- मुरादाबाद में रेस्टोरेंट और ऊपर के मकान में लगी भीषण आग, एक की मौत

### पचमढ़ी ट्रेनिंग के बाद जारी होगा 60 दिनों का प्रोग्राम, वार्ड-पंचायत कमेटियां बनेंगी

# हर विधानसभा में 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश कांग्रेस अब पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी। इसके पीछे संगठन की सोच यह है कि एक तरफ जहां पार्टी के पास फंड की व्यवस्था होगी। दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मदद करने वाले परिवारों से पार्टी के नेताओं का सीधा संपर्क होगा। पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक एमपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग होगी। इस दौरान प्रदेश के करीब एक हजार ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने की तैयारी है। 20 जिलों के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए हैं। एक हफ्ते में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम तय हो जाएंगे। वहीं, ट्रेनिंग कैंप के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।



**मैनेजमेंट में सीखेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष-** कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्ष 10 दिनों तक पचमढ़ी में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान अलग-अलग एक्सपर्ट्स डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे।

**एक्सपर्ट देंगे ट्रेनिंग** - कांग्रेस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन राव, सांसद और पूर्व आईएएस अफसर शशिकांत सैंथिल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और हरीश चौधरी।

**गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं**-पचमढ़ी के ट्रेनिंग कैंप में जिलाध्यक्षों को पीसीसी की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा है कि आपको समय से पहले इसलिए सूचना दे रहे हैं ताकि आप हर दृष्टि से तैयारी कर लें। 2 नवंबर को सुबह 10 बजे तक हर हाल में प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्षों के गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं दी जाएगी।

### जिलाध्यक्षों से वन-टू-वन करेंगे राहुल गांधी

पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शामिल होंगे। पीसीसी के मुताबिक राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान होना है। राहुल गांधी ट्रेनिंग के दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियां, चुनौतियां और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं।

### अगले चुनावों का रोडमैप होगा तैयार

ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा।

# खंडवा-खरगोन-बुरहानपुर अलग हो सकते हैं इंदौर संभाग से!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश का प्रशासनिक और भौगोलिक नक्शा बदलने वाला है। प्रदेश में तीन नए जिले और एक नया संभाग बनाने की तैयारी है, जिससे कई जिलों की सीमाएं नए सिरे से खींची जाएंगी। इस पुनर्गठन का सबसे बड़ा असर राजधानी भोपाल, रीवा और हाल ही में गठित मैहर जिले पर पड़ना लगभग तय है।

भोपाल में हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक तहसील बनाने का रास्ता साफ हो गया है, जिससे जिले में तहसीलों की संख्या आठ हो जाएगी। वहीं, मैहर के छह गांवों को रीवा जिले में शामिल करने के प्रस्ताव ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। यह पूरी कवायद पिछले साल सितंबर में गठित प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की देखरेख में हो रही है। आयोग का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक मैदानी काम पूरा करने का है, क्योंकि जनगणना महानिदेशालय ने प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं को फ्रीज करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जनगणना का काम पूरा होने तक कोई नई प्रशासनिक इकाई नहीं बनाई जा सकेगी। आयोग ने सितंबर तक 25 जिलों में अपना मैदानी काम पूरा कर लिया है और अगले तीन महीनों में बाकी जिलों में भी यह प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा है। आयोग इस रिपोर्ट का मिलान नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों के साथ करेगा। प्रशासनिक इकाइयों की वास्तविक जरूरतों और जनभावनाओं को परखने के बाद ही सरकार के सामने एक संयुक्त रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### सीमांकन के लिए ली जाएगी आईआईपीए की मदद

संभाग, जिला, तहसील और विकासखंडों की सीमाओं के वैज्ञानिक और सटीक तरीके से तय करने के लिए आयोग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) की तकनीकी मदद लेगा। सरकार से सहमति मिलने के बाद आयोग ने आईआईपीए को पत्र भेज दिया है। आईआईपीए सीमा निर्धारण के लिए ड्रोन की मदद से सैटेलाइट इमेजरी तैयार करेगा। आधुनिक माध्यमों से सर्वे कर एक विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट सौंपेगा। हालांकि, अंतिम निर्णय केवल तकनीकी रिपोर्ट पर आधारित नहीं होगा।

---

# लीज पर मिली कॉलेज की जमीन के व्यवसायिक उपयोग पर लगी लगाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा ने जमीनों की हेराफेरी रोकने का काम तेज कर दिया है। इस मामले में पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने क्रिश्चियन कॉलेज में होने वाले खेल पर लगाम लगा दी है। इस जमीन की कीमत 500 करोड़ से भी ज्यादा है और यहां करोड़ों का खेल जमाया जा रहा था। साथ ही अब कॉलेज से जमीन वापस लेने की भी तैयारी हो रही है। इसके लिए, कलेक्टर कोर्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

यह वही कॉलेज है जहां से प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार पढ़े हुए हैं और इंदौर व मप्र की कई हस्तियों ने शिक्षा हासिल की है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अमित डेविड इंदौर के कस्बा सर्वे नंबर 407/1669/3 कुल 68.303 हेक्टेयर में से 1.702 हेक्टेयर पर बने क्रिश्चियन कॉलेज की भूमि पर लंबे समय से नक्शा पास कराने में जुटे हुए हैं। यह नक्शा यहां पर व्यावसायिक ऑफिस, दुकान बनाने का है। जमीन की कीमत के लिहाज से यह खेल 50 करोड़ से अधिक का था।

क्रिश्चियन कॉलेज की यह फाइल लंबे समय से कलेक्ट्रेट के गलियारों में एसडीएम, तहसीलदार से लेकर अलग-अलग अधिकारियों के पास दौड़ रही है। उधर प्रिंसिपल डेविड ने इसके नक्शे के लिए टीएंडसीपी में फाइल लगा दी। आखिरकार इसमें कलेक्टर शिवम वर्मा ने एसडीएम जूनी और तहसीलदार की टीम बनाकर जमीन की जांच कराई और रिपोर्ट ली। इस जांच के बाद अब कलेक्टर ने टीएंडसीपी को पत्र लिख दिया है। इसमें इस जमीन पर किसी भी तरह की मंजूरी देने पर रोक लगा दी है। कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट के आधार पर पाया कि दस्तावेज, दानपत्र, हिस्ट्री ऑफ यूएनसीआई आदि में है कि यह भूमि महाराजा होलकर द्वारा 1 दिसंबर 1887 को कुछ शर्तों के साथ बिना रेंट अनुदान के दी गई थी। शर्तों के तहत भूमि उपयोग केवल विद्यालय व महिला अस्पताल के लिए किए जाने का प्रावधान था। जब तक यह उपयोग होगा मिशन द्वारा उपयोग किया जाता रहेगा और समाप्त होने पर भूमि वापस महाराजा या उसके उत्तराधिकारी द्वारा ली जा सकेगी। कलेक्टर की जांच में आया कि यहां महिला अस्पताल नहीं है और कॉलेज भी समाप्ति की ओर है। ऐसे में संस्था का मूल उद्देश्य खत्म हो चुका है।

कलेक्टर ने पत्र में ही लिखा है कि महाराजा के उत्तराधिकार के तौर पर अब मप्र शासन है। ऐसे में जमीन शासन की होकर शासकीय है। इसलिए, प्रोफेशनल ऑफिसेज उपयोग के लिए किसी प्रकार की नक्शा मंजूरी नहीं दी जाए। साथ ही जमीन वापस लेने के लिए प्रकरण चल रहा है।

---

# पतंजलि का तेल, अमूल की दही शुद्धता के मानक पर फेल, छह महीने बाद आयी रिपोर्ट

**गोरखपुर (एजेंसी)** ● गोरखपुर में पतंजलि के तेल और अमूल दही के नमूने शुद्धता के मानक पर फेल हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने पतंजलि के गोदाम से 1260 लीटर तेल जब्त किया था, जिसकी रिपोर्ट में तेल का नमूना फेल पाया गया। इसके अतिरिक्त, सितंबर में लिए गए अमूल दही के नमूने भी अधोमानक पाए गए। दीपावली से पहले मंगाया गया 15 क्विंटल खोवा भी नष्ट किया जाएगा।

**15 क्विंटल खोवा किया जाएगा नष्ट** : जागरण संवाददाता, गोरखपुर। पतंजलि के तेल शुद्धता के मानक पर फेल हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 29 अप्रैल को बेलीपार क्षेत्र के चनऊ उर्फ बेतऊवा स्थित पतंजलि के सुपर डीलर से 1260 लीटर तेल जब्त करते हुए नमूना लिया था। सितंबर में लिया गया अमूल दही का नमूना भी फेल हो गया है।



सहायक आयुक्त डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पतंजलि के कैरीइंग एंड फारवर्डिंग (सीएंडएफ) गोदाम तेजस्वी ट्रेडर्स पर छापा मारकर 1260 लीटर रिफाइंड, सोयाबीन और पाम आयल जब्त किया। यह तेल टूटे या दबे टिन में था। इनको टिन से निकालकर प्लास्टिक के बड़े ड्रम में इकट्ठा किया गया था।

गोदाम से मधु, हल्दी, धनिया व मसाला का भी नमूना लिया गया। रिपोर्ट में तेल का नमूना फेल हो गया है। गोलघर में सितंबर में अमूल के उत्पाद लेकर जा रहे वाहन को रोककर दही के नमूने लिए गए थे। इसकी रिपोर्ट भी अधोमानक आई है।

# खिलाड़ियों को छेड़ने वाले पर अब रासुका की तैयारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने इंदौर आई ऑस्ट्रेलिया की दो खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस शर्मनाक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पर अब रासुका की कार्रवाई की तैयारी कर ली गयी है। इस मामले में उच्च स्तरीय जाँच शुरू कर दी गई है। इस जाँच में सुरक्षा में हुई चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। एमआईजी पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान अकील पिता इम्तियाज शेख निवासी खजराना वर्तमान पता आजाद नगर के रूप में की है। पुलिस ने उसे कोर्ट से रिमांड पर लिया और उसके अन्य आपराधिक रिकार्ड के बारे में सघन पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सीबी सिंह के अनुसार आरोपी अकील एक आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ अकेले खजराना थाने में पहले से ही करीब 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह बदमाश उज्जैन में पुलिस कस्टडी के दौरान जवानों की राइफल छीनकर हत्या की कोशिश भी कर चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि अकील महज चार माह पहले ही 10 साल की सज़ा काटकर भैरवगढ़ जेल से बाहर आया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अन्नकूट महोत्सव में फूल बंगले में विराजे श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री राम मंदिर रघुनाथपुरम में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार फूल बंगले में विराजे, छप्पन भोग लगा,महाआरती हुई, हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। अग्रपीठाधीश्वर-मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने महाआरती की। महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, जानकीवल्लभ दास महाराज ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का विशेष श्रृंगार किया, गुलाब,मोगरा सहित अनेक किस्मों के फूलो से फूल बंगला सजाया गया। अग्रपीठाधीश्वर मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का आचार्यों विद्वानों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन किया। 56 तरहो के पकवानों का छप्पन भोग लगाया। सैकडो दीपो से महाआरती की गई। महोत्सव में आयोजित विशाल महाप्रसादी में हजारों भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण की, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विधायक रमेश मेंदोला,अशोक बीदासरिया सहित अन्य सम्मिलित हुए। भक्तो ने व्यवस्थित मंदिर के सड़क पर बैठक कर प्रसादी ग्रहण की। भोजन प्रसादी में रामभाजी, पूड़ी, नुक्ती,भजिए सहित अन्य व्यंजन बनाए गए। इसमें सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली।

### भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु की जयंती कल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलचुरी समाज के ईष्ट भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु की जयंती 28 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जायेगी, एमआर-10 टोल नाके के पास इ स्थित राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन धाम सहस्त्रार्जुन प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रसादी वितरण किया जायेगा। राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की संयोजक श्रीमती अर्चना जायसवाल, ने बताया कि भगवान सहस्त्रार्जुन परमप्रतापी, प्रजापालक राजा थे, वे परम विद्वान थे, उन्हें सम्पूर्ण वेदों का ज्ञान था। मंगलवार को जयंती मनेगी। पार्षद श्रीमती संध्या राधाकिशन जायसवाल, राकेश जायसवाल, अनिल जायसवाल,मनीष चौकसे ने बताया कि कार्यक्रम में सभी स्वजाति बंधु व अन्य समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे,प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। सुमित्रा चौकसे, सरोज राय ने बताया रांगोली बनाई जायेगी, आतिशबाजी कर सहस्त्रार्जुनधाम में जयंती मनाई जायेगी,दीपों से सजावट होगी।

### सारे जगत को जगन्नाथ का स्वरूप मानकर सेवा करने के लिए ही साधु का जीवन-अग्रपीठाधीश्वर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सच्चा सत्संगी व्यक्ति वही है जिसके व्यवहार और परमार्थ में एकरूपता हो जाए। सारे जगत को जगन्नाथ का स्वरूप मानकर सेवा करने के लिए ही साधु का जीवन है। परोपकार की भावना और भागवत भाव से सेवा में लगे रहना इसी में जीवन की सार्थकता है । मठ मंदिर संस्कारों के केंद्र है, यहां भक्त आते है,यहां हर तीज त्यौहार उत्सव हर्षोल्लास से मनते है,व्यक्ति के जीवन में हर दिन उत्सव होना चाहिए,कभी दुखी नहीं होना चाहिए, यहां भगवान जिस जीव को माध्यम बनाकर सेवा का कार्य करना चाहते हैं, उसके माध्यम से सेवा करवा लेते हैं,संतों की सेवा,गौसेवा सहित अन्य सेवा निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। हर व्यक्ति को तिलक लगाना चाहिए,गुरु मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए।

### क्रॉम्पटन को 40,000 से अधिक घरों के लिए मिला 445 करोड़ का सोलर रूफटॉप ऑर्डर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • यह ऐतिहासिक ऑर्डर क्रॉम्पटन के पोर्टफोलियो में सबसे बड़ा सौर रूफटॉप प्रोजेक्ट है, जो देश के नवीकरणीय ऊर्जा मिशन के अनुरूप हरित भारत के निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता हे। मुंबई, 24 अक्टूबर 2025। घरेलू और ऊर्जा समाधानों के क्षेत्र में एक विश्वसनीय अग्रणी कंपनी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश राज्य में एक महत्वपूर्ण सौर रूफटॉप ऑर्डर प्राप्त करके सौर यात्रा एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस आर्डर के तहत निकट भविष्य में 40,000 से अधिक घरों में 2 किलोवाट के ऑन-ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जाएंगे, जिसकी कुल अनुबंधित राशि 445 करोड़ रुपये है।

# लाइन अटैच था सिपाही, फिर भी कर दिया बर्खास्त : वह फिर से नौकरी पर, हाईकोर्ट ने मांगे सबूत तो कहा- पुलिसिंग पर आ रही थी आंच

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर पुलिस कमिश्नर ने टीआई अजय वर्मा और एसआई धीरज को सजा के तौर पर एसआई और आरक्षक बनने की सजा दी है। वहीं हेड कॉन्टेबल को इस मामले में बर्खास्त किया गया। वह पहले ही अन्य मामले में लाइन अटैच था। इसकी जब जानकारी सामने आई तो ASI ने यह कहते हुए मामला हेड कॉन्स्टेबल पर डाल दिया कि रेप मामले में आरोपी रवि को सिपाही ही थाने लेकर आया था। जबकि मार्च माह से पीड़िता को एएसआई एफआईआर के लिए टालते हुए आ रहा था।

टीआई अजय वर्मा भले ही सितंबर 2022 के मामले में सजा पाकर स्ढ्ढ बन चुके हो और ASI धीरज आरक्षक, लेकिन इस मामले में सबसे पहले सजा पाने वाले हेड कॉन्स्टेबल गोविंद द्विवेदी बर्खास्त होने के बाद बतौर सारे सबूत हाईकोर्ट में पेश कर निर्दोष होकर ढाई माह से पुलिस विभाग में नौकरी कर रहे हैं। उनके मुताबिक वह सही थे तो हाईकोर्ट में अपने ही अफसरों से लड़े और सच का साथ दिया। इसके बाद फिर से नौकरी पर आ गए। जब हाईकोर्ट ने गोविंद को लेकर अफसरों से सबूत मांगे तो उन्होंने यह कहते हुए मामले से किनारा किया कि मीडिया में खबरें आने के बाद विभाग की छवि धूमिल हो रही थी इसलिए उन्हें हेड कॉन्स्टेबल को हटाना पड़ा।

### मार्च 2022 में पीड़िता ने दिया था आवेदन

पूरे मामले में सबसे बड़ी चूक एएसआई धीरेंद्र से हुई। मार्च 2022 में पीड़िता ने सबसे पहले शिकायती आवेदन उसे सौंपा था। मामला टीआई अजय वर्मा तक पहुंचा और इसके बाद धीरेंद्र पीड़िता को टालमटोल करते रहा। वह रवि से लगातार संपर्क में था।

इसके बाद 13 सितंबर को एफआईआर की गई। 15 सितंबर को टीआई, एएसआई और हेड कॉन्स्टेबल गोविद पर जांच की शुरुआत हुई। जबकि 26 अगस्त को ही गोविंद खुफिया सेल में मासिक जानकारी नहीं देने के चलते लाइन अटैच कर दिया गया था। इसके बाद 18 अक्टूबर को प्राथमिक जांच के बाद उसे बर्खास्त कर दिया था।

हेड कॉन्स्टेबल गोविंद द्विवेदी का रेप पीड़िता ने अपने बयान में कही रुपए के लेन-देन को लेकर नाम नहीं लिया। इस मामले में आरोपी रवि ने भी बयान में रुपए को लेकर गोविंद पर सीधे आरोप नहीं लगाए। पीड़िता ने अपने मामा का नाम लिया, जो रवि से समझौते के रुपए लेकर गया था। जब पुलिस ने उसके बयान लिए तो उसने खुद को पुलिस का मुखबिर बताया। उसने कहा कि उसके करीब शहरभर में कई वरिष्ठ अफसरों और 150 से ज्यादा पुलिसकर्मियों से संबंध हैं। हाईकोर्ट में गोविंद के लिए वरिष्ठ अफसर यहां भी सबूत पेश नहीं कर पाए। जिसमें यह साबित नहीं हो पाया कि रुपए गोविंद या किसी पुलिसकर्मी ने हाथ में लिए थे।

#### उज्जैन में भी कपड़ा व्यापारी के खिलाफ दिया आवेदन

- *जिस युवती ने रवि पर इंदौर के एमआईजी थाने में मार्च माह में रेप होने को लेकर आवेदन दिया था। उसने मार्च से लेकर सितंबर तक स्ढ्ढक्र होने के बीच में उज्जैन के एक कपड़ा व्यापारी संजय पर नीलगंगा थाने में भी रेप को लेकर आवेदन दे दिया।*
- *जिसमें पीड़िता उस पक्ष को भी ब्लैकमेल कर 50 लाख की डिमांड करने लगी। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने इंदौर से पीड़िता की जानकारी निकाली। एमआईजी मामले की जानकारी हाथ लग गई। पीड़िता और उसके साथियों को लेकर इस मामले में वरिष्ठ अफसरों को जानकारी दी गई।*
- *चर्चित हनी ट्रेप केस में फंसे तत्कालीन टीआई अजय वर्मा को डिमोट कर दो साल के लिए इंस्पेक्टर और एएसआई धीरज शर्मा को पांच साल के लिए सिपाही बना दिया गया। इसे लेकर टीआई वर्मा पुराने मामलों को लेकर भी चर्चाओं में है। इंदौर में दो साल पहले वे लोकायुक्त की जांच के घेरे में थे जबकि उज्जैन के महाकाल मंदिर के पास दीवार गिरने से दो लोगों की मौत के मामले में भी उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है।*

## बहनें अब 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब क्रिएटर' बन रही हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें अब जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर卐बन रही हैं। उद्योग और निवेश के क्षेत्र में महिलाएं वह आत्मविश्वास लेकर आई हैं, जो आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा। प्रदेश के 47 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप में महिलाओं की हिस्सेदारी है। लखपति दीदी योजना से प्रदेश की एक लाख से अधिक महिलाएं प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। आज 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से लगभग 62 लाख बहनें जुड़कर न सिर्फ अपने घर की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों में स्व-सहायता समूह अब उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में कदम रख चुके हैं। प्रदेश की महिलाएं कृषि-उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र निर्माण, बायोटेक और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भोपाल वुमेन हब द्वारा आयोजित एमपी एक्सीलेंस अवार्ड-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति को समाज की धूरी माना गया है। हम माँ सरस्वती से ज्ञान और बुद्धि, माँ लक्ष्मी से धन और सम्पदा और माँ दुर्गा से शक्ति मांगते हैं।

#### हल्की बारिश ने किसानों को डाला चिंता में

## खेतों में पानी भराया तो फसल होगी खराब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • खेती-किसानी पर मौसम का असर सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला होता है। कल शाम से मौसम में एक बार फिर करवट ली है और आगामी दो दिनों तक आसमान में बादल रहने और हल्की बारिश बूंदा बांदी के आसार बताए जा रहे हैं इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। रबी सीजन की फसलों को नुकसानी की संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं बोवनी में देरी के आसार भी बन रहे है।

इंदौर जिले में 240000 हेक्टर कृषि भूमि पर रबी सीजन की बुवाई का शुरुआती अनुमान है। इसमें भी शुरुआत में मटर, आलू ,लहसुन की फसल का रकबा 50 से 70 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि का रहता है, पर अचानक मौसम में बदलाव आ जाने से किसान चिंता में हैं, खासकर महू , राऊ, पिगडम्बर बेटमा इन स्थानों पर किसान बड़ी संख्या में मटर, आलू और लहसून की बुवाई करते हैं। इसके साथ में देपालपुर, गोकलपुर, सांवेर के किसान भी



अपने-अपने अपनी कृषि भूमि पर सीमित मात्रा में इन फसलों को लगाते हैं।

गेहूं और चने की बुवाई का समय भी शुरू हो गया है। ऐसे में मौसम अचानक बदलाव किसानों को बुवाई में देरी तो करा ही रहा है, जिन किसानों ने अभी बोवनी के एक सप्ताह का या इससे कम समय हुआ है, उन्हें बीज के सडने की आशंका बन रही है अगर बारिश तेज होती है खेतों में पानी जमा हो जाता है तो दिक्कतें और ज्यादा रहेगी। इस विपरीत मौसम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कहा है कि वह फिलहाल आगामी दो दिनों तक खेतों में किसी प्रकार की बुवाई न करे । जल्दबाजी में नुकसानी होगी और अभी बुवाई का पर्याप्त समय भी नहीं है।

#### जल्दी इसलिए.. वाटर लेवल की चिंता

मटर, आलू लगाने वाले किसान जल्दबाजी इसलिए करते हैं कि उन्हें 60से 70 दिन के बाद यानी जनवरी के पहले सप्ताह तक दूसरी फसल गेहूं या चना लगाना रहता है, वह देरी करते हैं तो उन्हें अगली फसल में दिक्कत होगी, साथ हीं ट्यूबवेल का वाटर लेवल भी जनवरी के महीने से कम होने लगता है, इसलिए किसानों को बुवाई की जल्दबाजी करना उनकी मजबूरी हो जाता है

## शहर में छठ महापर्व की धूम : अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती करेंगी सुख-समृद्धि की कामना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आस्था, श्रद्धा और शुद्धता के प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व का तीसरा दिन आज पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। खरना के उपरांत आरंभ हुए 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद मालवांचल में बसे हजारों पूर्वांचलवासी श्रद्धालु आज संध्या बेला में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

शहर में छठ पर्व का आयोजन इस वर्ष पहले से कहीं अधिक भव्यता और उत्साह के साथ हो रहा है। विजय नगर, टिगरिया बादशाह, स्कीम नंबर 78, सूर्य मंदिर (कैट रोड), तुलसी नगर, समर पार्क (निपानिया), पिपलियाहना तालाब, सिलिकॉन सिटी, शंखेश्वर सिटी, वेंकटेश नगर,



श्याम नगर एनेक्स, एरोड्रम रोड, अन्नपूर्णा तालाब, सुखलिया, शिप्रा और देवास नाका सहित लगभग 200 स्थलों पर सार्वजनिक छठ पूजा का आयोजन किया गया है। पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव के.के. झा ने बताया कि बिहार में चुनावी माहौल के बावजूद, इंदौर में हजारों श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ परंपरागत रीति से छठ महापर्व मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि छठ अब केवल पूर्वांचल का नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की एकता और लोक-आस्था का प्रतीक पर्व बन चुका है। सुबह से ही छठ व्रतियों के घरों में पर्व जैसा उल्लासपूर्ण वातावरण रहा। महिलाएं घरों की सफाई, सजावट और पूजा सामग्री तैयार करने में व्यस्त रहीं, वहीं पुरुष प्रसाद हेतु फलों व सामग्री की खरीदारी में जुटे रहे। कैट रोड स्थित श्री सूर्य मंदिर में छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण स्थानीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष प्रशांत बडवे ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छठ पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे। छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने परंपरागत खरना अनुष्ठान किया। दिनभर उपवास रखने के बाद उन्होंने गंगाजल से स्नान कर सूर्य देव की आराधना की और मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चावल, दूध-गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी बनाकर छठ मैया को अर्पित किया। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार, रविवार 27 अक्टूबर की संध्या बेला में श्रद्धालु अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि सोमवार 28 अक्टूबर की प्रात: उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन किया जाएगा।

## सहित्यक संगम की त्रिवेणी बना पत्र लेखक दिवाली मिलन समारोह



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पत्र लेखक मंच के तत्वावधान में इन्दौर के पत्र लेखकों का दीपावली मिलन समारोह सहित्यक संगम की त्रिवेणी बना। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक डॉ मनीष दवे की लघुकथा दृष्टिकोण का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ योगेन्द्रनाथ शुक्ल, व हिन्दी की वरिष्ठ लेखिका डॉ पद्मा सिंह, सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट देवेन्द्र शर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी प्रवीण चौधरी बागली के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर योगेन्द्रनाथ शुक्ल ने कहा कार्टूनिस्ट व लघुकथाकार की असली ताकत सच्चाई है। जो समाज की विसंगतियों पर पैनी नजर रखे वहीं सच्चा पत्र लेखक हैं इस विद्धा में समाजिक उत्थान से नई दिशा मिली लेखकों को यहां बहुत बड़ी बात है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंदी की लेखिका पद्मा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा सहित्यक लेखन में लिखने वाला हर व्यक्ति कलमकार है समाजिक बुराईयों के प्रति नाकारात्मक शक्ति को खत्म करने वाले पत्र लेखकों की ताकत देखकर बहुत प्रभावित हूं। लेखन का एक बड़ा हिस्सा व शुरूआती लेखन की पाठशाला इससे ही पहचानी जाती है। वहीं कार्टूनिस्ट देवेन्द्र ने कहा एक दौर वहां था जब पोस्टकार्ड पर लिखकर अपनी बात सत्ता के बड़े बड़े महकमों तक पहुंचने के लिए अखबार ही सबसे तरित्व व सुलभ रास्ता था।

#### मुख्यमंत्री करेंगे 55 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

## छावनी चौराहा से चंद्रभागा ब्रिज तक 6 करोड़ से डलेगी सीवर लाइन अमृत-2.0 योजना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 27 अक्टूबर सोमवार को इंदौर शहर के विधानसभा क्रमांक 3 एवं 4 में अमृत- 2.0 योजना एवं मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत राशि के 155 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मंत्री, सांसद, विधायक, सभापति, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा भारत सरकार अमृत-2.0 योजना अंतर्गत शहर के मध्य क्षेत्र में छावनी चौराहे से चन्द्र भागा ब्रिज तक रू 6.00 करोड़ की लागत से 300 एमएम व्यास से 900 एमएम व्यास की कुल लम्बाई 3.0 किमी. की सीवर लाईन बिछाई जाने का कार्य शुभारंभ किया जाएगा। उक्त कार्य से छावनी एवं आस-पास के अन्य क्षेत्रों में मास्टर प्लान की सड़क निर्माण के पूर्व ड्रेनेज लाईन बिछाई जाने से क्षेत्र के रहवासियों को जल-मल निकासी संबंधित आवश्यक सुविधाओं व कान्ह नदी शुद्धीकरण में लाभ मिलेगा। उक्त कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा किया जाएगा। अमृत - 2.0 योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्र. 4 के अंतर्गत सुदामा नगर सेक्टर डी व ई में सीवर लाईन बिछाये जाने का राशी रुपए 30 करोड़ की लागत से कुल 34.235 किमी. सीवर लाइन बिछाने का कार्य संपादित किया जायेगा। उक्त कार्य से सुदामा नगर सेक्टर डी व ई क्षेत्र के रहवासियों को जल-मल निकासी संबंधित आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिलेगा व विगत समय से ड्रेनेज चोकिंग की समस्या का निराकरण हो सकेगा।

#### महिला क्रिकेटर से छेड़छाड़ पर आक्रोश विहिप ने सौंपा ज्ञापन

## शहर की गरिमा और देश की छवि पर हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • देश के सबसे स्वच्छ शहर और मां अहिल्या की पावन नगरी इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर से छेड़छाड़ की घटना के बाद जनमानस में गुस्सा और आक्रोश का माहौल है। सामाजिक संगठनों, महिला मोर्चों और नागरिकों ने इस शर्मनाक कृत्य को न केवल शहर की, बल्कि पूरे भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया है।

लोगों का कहना है कि यह घटना किसी व्यक्तिगत अपराध से कहीं बढ़कर एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करना और सामाजिक सौहार्द



बिगाड़ना है। कई संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के साथ-साथ उसके साथियों की भी जांच की जाए और यह भी पता लगाया जाए कि कहीं यह किसी आतंकी स्लीपर सेल या संगठित गिरोह की योजना का हिस्सा तो नहीं है। जनप्रतिनिधियों और नागरिक संगठनों ने यह भी सवाल उठाया है कि पिछले कुछ समय से इंदौर और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में लव जिहाद, नशा जिहाद और लैंड जिहाद जैसी गतिविधियाँ बढ़ रही हैं।

इस संदर्भ में प्रशासन को गहराई से जांच कर व्यापक कार्रवाई करने की जरूरत है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएँ न केवल महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय हैं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत
इंदौर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोपाष्टमी पर विहिप एवं बजरंगदल द्वारा गांवों में निकाले जाएँगे जुलूस, होंगे अन्य कार्यक्रम

**इंदौर** ● विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल इंदौर, गौरक्षा विभाग महानगर द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 43 प्रखंडों में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में 28 से 30 अक्टूबर तक विभिन्न उत्सव मनाए जाएँगे। इसके तहत प्रमुख गांवों में गौरक्षा एवं गौसेवा में जुड़े विद्वानों द्वारा गौसंरक्षण के बारे में उद्बोधन व्याख्यान एवं सामाजिक सम्मेलन भी आयोजित होंगे। इंदौर गौरक्षा विभाग प्रमुख योगेश होलानी, यज्ञेश राठी एवं प्रवीण दरेकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गंगाजल खेड़ी, सिकंदरी, कोदरिया, देवधरम टंकी आदि गाँव में गौवंश की शोभायात्रा बजरंग दल एवं गौभक्तों के सहयोग से निकाली जाएगी। गायों को सजाकर घर-घर उनकी पूजा की जाएगी। दुर्गा वाहिनी की संयोजक स्वाति मालवीय ने भी सभी महिलाओं एवं युवतियों से गौमाता की सेवा के लिए अपने घर आंगन में पूजन एवं आरती करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर गौमाता की सेवा और रक्षा कार्य में जुटे महानुभावों, गौशाला संचालकों का सम्मान भी किया जाएगा।

### अन्नपूर्णा आश्रम पर होने वाली पं. प्रभुजी नागर की कथा के लिए 40 हजार वर्गफुट में बनेगा पांडाल

**इंदौर** ● मालव माती के सपूत, माँ सरस्वती के वरद पुत्र और प्रदेश में 200 से अधिक गौशालाओं के संचालक संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र और प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभुजी नागर लंबे अन्तराल के बाद शहर के प्रसिद्द अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में 6 से 12 नवंबर तक भागवत ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे। अन्नपूर्णा मंदिर आश्रम परिसर में रविवार को सुबह महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंदगिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरि के सानिध्य में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे एवं पार्षद अभिषेक बबलू शर्मा ने प्रमुख संयोजक तथा दालमिल एसो. के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के साथ आचार्य पंडित गिरिराज शुक्ल के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कथा स्थल के लिए भूमि एवं ध्वजा पूजन किया। अन्नपूर्णा आश्रम परिसर स्थित करीब 40 हजार वर्गफुट मैदान पर इस कथा के लिए भव्य पांडाल का निर्माण कार्य भी आज से प्रारंभ हो गया है। संत प्रभुजी नागर यहाँ 6 नवंबर से प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथा अमृत की वर्षा करेंगे।

### सुख और दुःख हमारे कर्मों का ही फल, भगवान के शब्दकोश में ये शब्द हैं ही नहीं- पं. ऋषभदेव



**इंदौर** ● सुख और दुख हमारे कर्मों का ही फल है। हम जैसे कर्म करेंगे, फल भी वैसे ही मिलेंगे। गंगा और अन्य नदियां तभी तक पूजनीय है, जब तक वे अपने किनारों की मर्यादा में बहती है। किनारे छोड़ देने पर कोई भी उन्हें नहीं पूजता क्योंकि तब वही जीवनरेखा विनाश की बाढ़ लेकर आती है। मनुष्य के जीवन का भी यही सिद्धांत है। भगवान के अवतार सज्जनों के कल्याण और दुर्जनों के विनाश के लिए ही होते हैं। भगवान के शब्दकोष में सुख या दुख नाम का कोई शब्द है ही नहीं। ये दिव्य विचार हैं भागवताचार्य बालव्यास पं. ऋषभदेव महाराज बनारस वालों के, जो उन्होंने सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन, दत्त मंदिर के पास आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित भक्तों को शुकदेव चरित्र प्रसंग एवं भागवत की महत्ता बताते हुए व्यक्त किए।

### कृत्रिम अंग केंद्र द्वारा नशा मुक्ति अभियान की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया जैन आचार्यों ने

**इंदौर** ● स्कीम 54, सत्य साईं स्कूल के पीछे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र ने नशे की लत से आम लोगों, विशेषकर युवाओं को मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया है। अभियान की प्रचार सामग्री का विमोचन जैनाचार्य विनम्र सागर म.सा. एवं विज्ञ सागर म.सा. ने दिगंबर जैन पार्श्वनाथ पंच बालयति मंदिर स्कीम 54 में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी हरि अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर आचार्यश्री ने केंद्र के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नशा ही समाज के नाश का मुख्य कारण है। नशे से हमारी युवा पीढ़ी को दूर करने के हरसंभव प्रयास किए जाना चाहिए। प्रारंभ में केंद्र की ओर से श्रीमती वीणा जैन, विनय जैन, राजीव जैन, सुरेश भलैया, धर्मेन्द्र जैन, जिनेश भलैया, डी के जैन, कुमुद जैन, नीता कासलीवाल, शकुन जैन एवं किरण जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अंत में केंद्र के प्रमुख विनय जैन ने नशामुक्ति अभियान में सबके सहयोग का आह्वान करते हुए आभार व्यक्त किया।

# श्रीमंत के दरबारी पुनर्वास की प्रतिक्षा में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए ग्वालियर-चंबल संभाग के वे चेहरे, जिन्होंने कमलनाथ सरकार की विदाई और शिवराज सरकार की वापसी में निर्णायक भूमिका निभाई थी, आज सियासी सन्नाटे में हैं। सत्ता परिवर्तन के सूत्रधार रहे इन नेताओं को न अब भाजपा संगठन में जगह है, और न ये सत्ता के गलियारों में कहीं दिखाई दे रहे हैं। कभी कांग्रेस में प्रभावशाली और निर्णायक माने जाने वाले ये नेता अब बिना पद, प्रभाव या पहचान के सियासी हाशिए पर हैं। पांच वर्षों में इनका राजनीतिक क्षितिज सिमट चुका है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ऐसे एक दर्जन से अधिक नेता (पूर्व विधायक) हैं, जिनमें से करीब 30 प्रतिशत ने उपचुनावों में वापसी की, लेकिन 70 प्रतिशत आज भी राजनीतिक पुनर्वास की प्रतीक्षा पंक्ति में खड़े हैं। सिंधिया के शरणार्थी कहे जाने वाले इन नेताओं की उम्मीद अब भी श्रीमंत की अनुशंसा शक्ति पर टिकी है। निगम-मंडलों या प्राधिकरणों में संभावित नियुक्तियों की सूची में जगह पाने की आस में वे सिंधिया के संकेत का इंतजार कर रहे हैं। परंतु भाजपा की बदलती प्राथमिकताएं, संघ की कसौटी और नए चेहरों का उभार, इनकी राह और कठिन बना रहा है। कभी सत्ता परिवर्तन के शिल्पकार रहे ये चेहरे अब पार्टी की नई संरचना में अप्रासंगिक माने जा रहे हैं।



## सियासी हाशिए पर ये चेहरे

- **महेंद्र सिंह सिसोदिया** (बमोरी, गुना)-2023 में चुनाव लड़े, हारे, अब संगठन में न पद, न दायित्व।
- **ओपीएस भदौरिया** (मेहगांव, भिंड) उपचुनाव जीते, पर 2023 में टिकट काटा गया। अब कोई पद नहीं।
- **गिर्राज कंसाना** (दिमनी, मुरैना) उपचुनाव हारे, 2023 में टिकट नरेंद्र सिंह तोमर को मिला।
- उपचुनाव में पराजित, टिकट अब रणवीर जाटव (गोहद, भिंड) **लालसिंह आर्य** को।
- **मुन्नालाल गोयल** (ग्वालियर माया सिंह को दिया गया। पूर्व) उपचुनाव में हारे, 2023 में टिकट
- **इमरती देवी** (डबरा, ग्वालियर) निष्क्रिय। दो चुनावों में हार, अब संगठन में
- **रक्षा सिरोनिया** (भांडेर, दतिया) नहीं। उपचुनाव में हार, 2023 में टिकट

### कितने जीते, कितने हारे

- कुल 22 विधायक सिंधिया के साथ कांग्रेस से भाजपा में आए थे।
- इनमें से केवल 6-7 ने चुनाव जीतकर वापसी की।
- बाकी 15-16 नेता सत्ता और संगठन-दोनों से बाहर हैं।
- प्रारंभिक दौर में कुछ को निगम मंडलों में पद मिले, पर अब वह चरण भी समाप्त हो चुका है। गुमनामी के कारण
- भाजपा में आंतरिक प्रतिस्पर्धा और नए चेहरों का उभार।
- संघ-प्रधान क्षेत्र में बाहरी नेताओं की सीमित स्वीकार्यता।

सिंथिया की अनुशंसा शक्ति का कमजोर पड़ना।
लगातार चुनावी पराजयों से विश्वसनीयता का संकट।

## भाजपा मे सिंधिया का घटता राजनीतिक वजन – अब अपने ही मंत्री भी कर रहे दूरी...

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● तलावली चांदा की फूड एंड ड्रग्स टेस्टिंग लैब का उद्घाटन अब मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। जबकि इसी लैब के शुभारंभ की घोषणा वर्ष 2024 में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री तुलसी सिलावट ने स्वयं की थी और मंच से ऐलान किया था कि इसका लोकार्पण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के हाथों होगा।

लेकिन अब हालात बदल चुके हैं भाजपा में सिंधिया जी का राजनीतिक वजन लगातार घटता जा रहा है। मुख्यमंत्री की नाराज़गी से बचने के लिए अब मंत्री सिलावट जी ने अपनी ही घोषणा से चुपचाप किनारा कर लिया! यह वही मंत्री हैं जो कल तक भाईसाहब सिंधिया जी का नाम सुनकर मंच पर झुक जाते थे, अपनी विधानसभा मे कौन भी विकास कार्य का उद्घाटन ज्योतिरादित्य सिंधिया से लाल फीता कटवा कर करते थे पर आज मुख्यमंत्री जी की कृपा पाने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा

भाजपा में सिंधिया समर्थकों की स्थिति अब वैसी हो गई है जैसे पुरानी बैटरी – न चार्ज हो पा रही, न बदली जा रही। सिर्फ सिलावट ही नहीं – सिंधिया समर्थक माने जाने वाले इमरती देवी, एनदल सिंह कंसाना, राहुल लोधी, राजेंद्र भारती, जय सिंह दरबार, प्रद्युमन सिंह लोधी, नेवी जैन (सागर), जसवंत जाटव, मुन्नालाल गोयल – सब अब सिंधिया समर्थक कहलाने से बच रहे हैं। पार्टी के भीतर 'सिंधिया का खेमा' अब बोझ बन गया है। संगठन में यह टैग नेताओं को असहज कर रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री गुट में इसका सीधा मतलब होता है – राजनीतिक अविश्वास।

## व्यापमं चौराहे का फ्लाईओवर निरस्त: प्रदेश में 127 करोड़ से बनेंगे 6 फ्लाईओवर और आरओबी

**भोपाल (एजेंसी)** ● मप्र सड़क विकास निगम प्रदेश के महत्वपूर्ण बायपासों पर फ्लाईओवर और रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कर रहा है, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। इन फ्लाईओवरों का निर्माण प्रमुख जंक्शनों पर किया जा रहा है, जहां यातायात का भारी दबाव होता है। प्रदेशभर में कुल 127.22 करोड़ रुपये की लागत से 6 फ्लाईओवर और रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इनमें से कुछ परियोजनाओं का निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। हालांकि, भोपाल स्थित व्यापमं चौराहे पर 44.41 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 4 लेन फ्लाईओवर अब निरस्त कर दिया गया है। प्रदेश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और सड़क यातायात को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर फ्लाईओवर और रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू किया है। एमपी सड़क विकास निगम द्वारा प्रदेश के विभिन्न प्रमुख शहरों जैसे भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और गुना में कुल 127.22 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं को तैयार किया जाएगा। निगम ने इन परियोजनाओं को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) पद्धति से पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इन फ्लाईओवरों और ओवरब्रिज का उद्देश्य शहरी और बाहरी मार्गों पर यातायात को नियंत्रित करना और दुर्घटनाओं की संभावना को घटाना है। निगम अधिकारियों के अनुसार, कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य प्रारंभिक चरण में है, जबकि कुछ परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन सभी परियोजनाओं को 18 से 24 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ठेकेदारों से कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। अधिकारियों का कहना है कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए इन कार्यों को अधिकतम 24 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

### व्यापमं चौराहे का फ्लाईओवर निरस्त

राजधानी स्थित व्यापमं चौराहे पर 44.41 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार लेन फ्लाईओवर के निर्माण को फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। इस फ्लाईओवर का डीपीआर तैयार किया गया था, लेकिन तकनीकी समीक्षा और ट्रैफिक पुनसंरचना के बाद इसे रद्द करने का निर्णय लिया गया। अब प्राथमिकता भोपाल-विदिशा रोड जंक्शन (सूखीसेवनिया) और भोपाल-देवास रोड फंडा बायपास जंक्शन को दी गई है।

### 2 प्रमुख जंक्शनों पर बनाए जाएंगे फ्लाईओवर

भोपाल-विदिशा रोड जंक्शन (सूखीसेवनिया): यहां 4 लेन फ्लाईओवर को 6 लेन में विकसित किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 28.37 करोड़ रुपये है। यह मार्ग विदिशा, रायसेन और सीहोर की दिशा में आने-जाने वाले भारी वाहनों के लिए मुख्य कड़ी है भोपाल-देवास रोड (फंदा गांव): बायपास जंक्शन पर 4 लेन फ्लाईओवर का निर्माण 27.45 करोड़ रुपये में किया जाएगा। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और यह भोपाल-इंदौर हाइवे से जुड़कर शहर के बाहरी ट्रैफिक को राहत प्रदान करेगा।

### जबलपुर-ग्वालियर-गुना में भी ओवरब्रिज बनेंगे

जबलपुर-मंडला रोड, पेंटानिका चौक: यहां 960 मीटर लंबा 2 लेन फ्लाईओवर 38.33 करोड़ रुपये में बनाया जाएगा। यह क्षेत्र शहर के व्यस्त हिस्सों में आता है, जहां हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं।

## भाजपा का अनुशासन अब थाने के दरवाज़े पर खत्म - सत्ता का नशा, जनसेवा का हश्र!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल,गिरीश जोशी ने बताया कि इंदौर में बीती रात भंवरकुआं थाने पर हुआ हंगामा भाजपा की असली तस्वीर सामने लाता है। नगर निगम के अफसर और भाजपा पार्षदों के बीच खुलेआम झगड़ा और देर रात तक चले विवाद ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा के नेताओं को अब न जनता की फिक्र है, न मर्यादा की परवाह। भाजपा के 'संघ संस्कार' अब थाने की हदों में घुल गए हैं। पार्षदों के पति एफआईआर कराने पहुंचे, अफसर भिड़ गए, और रातभर भाजपा के जनप्रतिनिधि थाने में हंगामा करते रहे – यही है 'डबल इंजन सरकार' का असली चेहरा।कांग्रेस ने तीखा कटाक्ष किया कि जब भाजपा के अपने पार्षद और अफसर ही आपस में उलझे हैं, तब शहर की जनता किससे न्याय की उम्मीद करे? सड़कों पर गड्ढे, मोहल्लों में कचरा और जनता की समस्याएँ वहीं की वहीं हैं, पर भाजपा नेता अब सत्ता के गुरूर में थानों के चक्कर काट रहे हैं। भाजपा का 'सुशासन मॉडल' अब थाने में हंगामे और एफआईआर की राजनीति में बदल चुका है।

## अन्नपूर्णा तालाब पर छठ महोत्सव के लिए घाट एवं कुंड का निर्माण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बिहार एवं उत्तर प्रदेश मूल के पूर्वांचल क्षेत्र के 300 परिवारों द्वारा पूर्वांचल महासंघ की मेजबानी में आज खरना का आयोजन किया गया। इसमें सभी व्रतधारी महिलाओं ने गुड की खीर एवं सादी रोटी का भोजन किया। आज से नमक का उपयोग बंद कर 36 घंटे का उपवास भी शुरू हो गया है। पूर्वांचल महासंघ अन्नपूर्णा क्षेत्र के अध्यक्ष सुधाकर दुबे ने बताया कि अन्नपूर्णा क्षेत्र में सूर्यदेव नगर, वैशाली नगर, देवेन्द्र नगर, गायत्री नगर, बृज विहार, गोपुर, सत्यदेव नगर, स्कीम 71 सहित क्षेत्र में करीब 300 परिवार पूर्वांचल से आकर निवास कर रहे हैं। इस सब परिवारों को जोड़कर महासंघ का गठन किया गया है, जिसकी मेजबानी में अन्नपूर्णा तालाब पर गंगा, यमुना, नर्मदा, सरस्वती एवं प्रमुख नदियों के नाम पर घात का निर्माण कार्य भी आज से शुरू कर दिया गया है। महिलाओं द्वारा प्रकृति की पूजा इन घाटों पर कुंड में खड़े रहकर सूर्यदेव को अर्ध्य देकर की जाएगी। दुबे ने बताया कि रविवार से सभी व्रतधारी महिलाऐं नमक का सेवन नहीं करेंगी। सोमवार की शाम को 5 बजे डूबते हुए सूरज को तथा मंगलवार की सुबह 6 बजे उगते हुए सूरज को पानी के कुंड में खड़ी सुहागन महिलाओं द्वारा अर्ध्य देकर अपने बेटे और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ ही शहर और देश में सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाएगी।



## प्रदेश में अब निजी कंपनियां भी बेचेंगी बिजली, तैयारी में सरकार

**भोपाल (एजेंसी)** ● दूरसंचार के क्षेत्र में जिस तरह ढेरों कंपनियां मौजूद हैं, ठीक उसी तरह अब बिजली वितरण के क्षेत्र में भी निजी कंपनियों को मौका देने की तैयारी हो रही है। ये सब भारत सरकार विद्युत सुधार बिल 2025 में शामिल होगा। इस बिल को लेकर शासकीय उपक्रम से जुड़े लोगों और निजी उद्योग संचालकों से 30 दिनों में सुझाव मांगे गए हैं। सरकार ने सुझाव देने की अंतिम तिथि 14 नवंबर रखी है। बिजली मामलों के जानकार एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सरकार विद्युत अधिनियम 2003 में संशोधन करना चाहती है। नए बिल में अब कहीं लाइसेंस निजी या सरकारी कंपनी, इन्फास्ट्रक्चर डिस्काम का उपयोग करेंगी। निजी एजेंसी को किसी निजी संपत्ति के ऊपर से भी बिजली लाइन खींचने का अधिकार होगा । इसके अलावा रिन्यूअल एनर्जी के उपयोग का प्रतिशत अभी राज्य विद्युत नियामक आयोग के माध्यम से होता है जबकि नए बदलाव में यह निर्णय केंद्रीय स्तर पर होगा। नए बिल में बिजली उपभोक्ता के पास अलग-अलग विकल्प होंगे। हर निजी कंपनी के बिजली रेट में अंतर होगा। निजी कंपनी ही रीडिंग, बिलिंग और वसूली करेगी। रेट में अंतर होने से उपभोक्ता कम रेट वाली कंपनी से बिजली खरीदने के लिए स्वतंत्र होगा। अभी बिजली सेक्टर पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में है, नए बिल के ये प्रयोग उपभोक्ताओं के हित में नहींसरकार इस संशोधन के माध्यम से निजी कंपनियों को बिजली सेक्टर में प्रवेश देना चाहती है। दावा किया जा रहा है कि इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा, लेकिन भविष्य में ये कंपनियां बिजली महंगी करेंगी और तब सरकार कुछ नहीं कर सकेगी। सरकार को ऐसे प्रयोग करने से बचना चाहिए। बहुत संभव है सरकारी कंपनियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए और पूरा बिजली वितरण तंत्र निजी हाथों में चला जाए। कर्मचारियों के भविष्य पर भी सरकार को विचार करना चाहिए। बाद प्राइवेट कंपनियों का दखल बढ़ जाएगा। यदि प्राइवेट कंपनियां बिजली महंगी करेंगी, तो लोगों के पास विकल्प सीमित होंगे। विद्युत वितरण कंपनियों में काम करने वाले एक लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक सकता है।

## नंदानगर गणेश मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन उमड़े भक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हर व्यक्ति का जीवन भगवत स्मरण बन जाना चाहिए, भगवत चिंतन होना आवश्यक है,भारत पवित्र धरती में हम लोगों का जन्म हुआ जहां की प्रत्येक रजकण में अध्यात्म की सुगंध है, भारत की मिट्टी में जन्म लेने वाला व्यक्ति नास्तिक नहीं हो सकता है, यहां कि इतनी पवित्र मिट्टी है। जीवन का आरंभ ही श्रवण, कीर्तन, स्मरण से और जीवन का परिवासन भी भगवान के स्मरण से है, इसलिए जो आरंभिक साधन है वही सर्वोच्च साधन है। भागवत गुणगान, भागवत चरित्र श्रवण के लिए अपने जीवन को समर्पित कर देना चाहिए, भगवान का नाम स्मरण और भागवत चरित्र श्रवण करने से जीवन सफल हो जाता है। जीवन में भगवत प्राप्ति हो जाती है तो सबकुछ प्राप्त हो जाता है, सार्थकता आ जाती है, लक्ष्य लेकर हर कार्य को करना चाहिए वो जरूर सफल होता है।

## समाज की भलाई के लिए सक्षम लोग मिलकर काम करें - विनय सर्राफ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाज स्तर पर होने वाले कल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता और अधिक हो सकती है, यदि समाज के सभी सक्षम लोग मिलकर प्रयास करें। इंदौर में अग्रवाल समाज द्वारा समाज की भलाई के लिए जो काम किए जा रहे हैं, वे निश्चित ही पूरे देश में अन्य समाजों के लिए भी अनुकरणीय हैं। प्रसन्नता की बात है कि इंदौर के समाजसेवी बंधुओं ने शहर के अलावा उज्जैन, अयोध्या, सालासर बालाजी और देश के अन्य तीर्थस्थलों पर आम लोगो के हित में अनेक सेवा प्रकल्प स्थापित किए हैं।



आज अग्रवाल बॉयज हॉस्टल के शुभारंभ प्रसंग पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए यही अपेक्षा है कि समाज के सक्षम लोग इस तरह के सेवा कार्यों की निरंतरता बनाए रखेंगे। म.प्र. उच्च न्यायलय के नयायमूर्ति विनय सर्राफ ने स्वामी विवेकानंद सुविचार शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास द्वारा देवगुराड़िया स्थित अग्रवाल बॉयज होस्टल के शुभारंभ प्रसंग पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उक्त प्रेरक बातें कही। भारत सरकार के पुरातत्व एवं संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल, प्रदेश के सबसे बड़े दानदाता एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और एसडीएम रिंकेश वैश्य भी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने नवनिर्मित हॉस्टल भवन का शुभारंभ किया ।

## सम्पादकीय

### भोपाल-विदिशा में सोशल मीडिया पर बिके मौत के पटाखे, देसी 'कार्बाइड गन' बनी सबसे खतरनाक दिवाली

डॉक्टरों के मुताबिक कार्बाइड गन में बनने वाली एसिटिलीन गैस आंख की कार्निया को नब्बे फीसद तक जला देती है। मप्र की राजधानी भोपाल और उससे सटे जिले विदिशा में देसी पटाखा 'कार्बाइड गन' के कारण कई बच्चों की आंखों की रोशनी चली गई और इस तरह दीप उत्सव पर खुशी मनाने का मौका कई परिवारों के लिए दुखद बन कर आया। इस घटना में जख्मी होने के डेढ़ सौ से अधिक मामले सामने आए। सौ से अधिक लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं। विदिशा में पचास लोगों का इलाज चल रहा है। यह निराशाजनक ही है कि पारंपरिक पटाखों को लेकर कोई सचेत नहीं है, न प्रशासन और न नागरिक। सवाल है कि पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भर कर 'कार्बाइड गन' बनाने की किसे सूझी और ऐसा करने को लेकर किस स्तर पर लापरवाही बरती गई। गौरतलब है कि गैस लाइटर, प्लास्टिक पाइप और कैल्शियम कार्बाइड से बनाई गई यह देसी 'गन' दिवाली पर खूब बिकी। इस पटाखे को खिलौने की तरह सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया था। नतीजतन, बिना किसी रोकटोक के बड़ी संख्या में इसकी बिक्री हुई। जबकि सुरक्षा की दृष्टि से ये बेहद खतरनाक थे। भोपाल में हुई घटना के बाद चिकित्सकों ने कहा कि कार्बाइड गन में बनने वाली एसिटिलीन गैस आंख की कार्निया को नब्बे फीसद तक जला देती है। लिहाजा, पारंपरिक पटाखों पर सख्त पाबंदी लगाने की जरूरत है। इनसे प्रायः झुलसने का खतरा होता है। कार्बाइड गन इसका उदाहरण है। इसमें पीवीसी पाइप फटने से प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े छर्रे की तरह शरीर को जख्मी कर देते हैं। पिछले दिनों इसी कारण लोगों के चेहरे झुलस गए। दुखद है कि जिन बच्चों की आंखों की रोशनी बुझ गई, उनके अभिभावकों ने इसके उपयोग को लेकर एहतियात बरतना जरूरी नहीं समझा। पटाखों को लेकर शीर्ष न्यायालय ने बार-बार सख्ती दिखाई है। फिर भी इसे न तो शासन और न ही आम लोगों की ओर से गंभीरता से लिया जा रहा है। पटाखे न केवल पर्यावरण, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और शांति पर भी प्रभाव डालते हैं। जरूरत इस बात की है कि पूरे देश में पटाखों को लेकर एक ठोस नीति हो और किसी भी दशा में इसके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# छठ पूजा: लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का अद्भुत संगम

भारत की धार्मिक परंपराओं में छठ पूजा वह पर्व है जो न केवल भक्ति और अनुशासन का प्रतीक है, बल्कि लोक आस्था, सादगी और पर्यावरण से जुड़ाव का जीवंत उदाहरण भी है। दीपावली के छह दिन बाद आने वाला यह पर्व सूर्य देव और षष्ठी माता (छठी मैया) को समर्पित है। बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अब विदेशों तक इसकी गूंज सुनाई देने लगी है।



### लोक आस्था का उज्जवल प्रतीक

दुनिया उगते सूरज को नमस्कार करती है, लेकिन छठ का पर्व हमें डूबते सूर्य को अर्घ्य देना सिखाता है। यह जीवन-दर्शन का प्रतीक है - जो झुका है, उसका पहले सम्मान करो।

सूर्य पूजा का यह अनोखा रूप सिखाता है कि जीवन में विनम्रता, कृतज्ञता और संयम ही सच्ची भक्ति हैं।

चार दिन तक चलने वाले इस पर्व में व्रती (मुख्यतः महिलाएँ) 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखती हैं। कठिन तपस्या के बावजूद चेहरे पर असीम शांति और विश्वास झलकता है।

### सामूहिकता और समानता का संदेश

छठ पूजा सामाजिक समरसता की मिसाल है। गाँव हो या शहर, हर जाति, वर्ग और धर्म के लोग घाटों पर एक साथ एकत्र होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। यह पर्व याद दिलाता है कि सूर्य की किरणें सब पर समान रूप से पड़ती हैं - यही छठ का संदेश है - समानता, स्वच्छता और संयम।

### क्यों कहा जाता है 'छठी मैया'

'छठ' का अर्थ है 'षष्ठी' - यानी छठा दिन। इस दिन पूजित देवी को छठी मैया कहा जाता है। लोकमान्यता के अनुसार, छठी देवी सूर्यदेव की बहन हैं और संतान-सुख की अधिष्ठात्री हैं। इस व्रत में महिलाएँ अपने परिवार की समृद्धि और संतान की रक्षा की कामना करती हैं

### नहाय खाय से क्यों होती है छठ पूजा की शुरुआत

छठ पूजा का पर्व नहाय खाय से शुरू होता है, जिसमें श्रद्धालु पवित्र जल में स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं। यह दिन भक्ति और अनुशासन की शुरुआत का प्रतीक है।

2025 में छठ पूजा 25 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। इस दिन को नहाय खाय कहा जाता है, जो इस चार दिवसीय पर्व का पहला दिन है। पंचांग के अनुसार, यह दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर पड़ता है। नहाय खाय से छठ पूजा की शुरुआत होती है और यह शुद्धता, तैयारी और भक्ति का प्रतीक माना जाता है।

'नहाय खाय' का अर्थ है नहाना और खाना। श्रद्धालु सुबह-सुबह नदी, तालाब या किसी पवित्र जलाशय में स्नान करते हैं और फिर एक बार शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। माना जाता है कि इस भोजन से शरीर, मन और घर तीनों की शुद्धि होती है। इसके बाद व्रत और पूजा की तैयारी आरंभ होती है।

इस दिन घर और रसोई की पूरी सफाई की जाती है। मिट्टी या कांसे के बर्तनों में भोजन बनाया जाता है - जिसमें अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू जैसी उबली सब्जियाँ शामिल होती हैं। इसमें प्याज, लहसुन या तीखे मसालों का प्रयोग नहीं होता। यह दिन सादगी, पवित्रता और आत्मशुद्धि का प्रतीक है।

### नहाय खाय का आध्यात्मिक महत्व

नहाय खाय इस बात का संकेत है कि श्रद्धालु अब अपने सामान्य जीवन से हटकर भक्ति और संयम के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। जल में स्नान और शुद्ध भोजन ग्रहण करना शरीर और आत्मा दोनों की शुद्धि मानी जाती है। यह दिन प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है - जल, अन्न और सूर्य तीनों की एक साथ उपासना की जाती है। सादा भोजन सिखाता है कि सादगी में भी अध्यात्म छिपा है।

### छठ पूजा 2025 का चार दिन का कार्यक्रम

1 **पहला दिन** - नहाय खाय (शनिवार, 25 अक्टूबर 2025)
स्नान और एक बार सात्विक भोजन। यह दिन शारीरिक और मानसिक शुद्धि की शुरुआत करता है और व्रती को आने वाले कठोर व्रत के लिए तैयार करता है।

2 **दूसरा दिन** - खरना या लोहंडा (रविवार, 26 अक्टूबर 2025)
पूरा दिन निर्जल व्रत रखा जाता है। शाम को गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर सूर्य और छठी मैया को अर्पित किया जाता है। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ होता है।

3 **तीसरा दिन** - संध्या अर्घ्य (सोमवार, 27 अक्टूबर 2025)
शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। घाटों पर व्रती जल में खड़े होकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। चारों ओर लोकगीत, दीप और श्रद्धा का वातावरण होता है।

4 **चौथा दिन** - उषा अर्घ्य और पारण (मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025)

अंतिम दिन प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है। यह क्षण आशा, ऊर्जा और नए जीवन का प्रतीक है। व्रती दूध या जल से व्रत तोड़ते हैं और प्रसाद बांटते हैं।

### पौराणिक संदर्भ

रामायण काल में, भगवान राम और माता सीता ने अयोध्या लौटने के बाद सूर्य देव की आराधना की थी।

महाभारत काल में, द्रौपदी ने पांडवों की सफलता हेतु छठ व्रत किया था।

राजा प्रियव्रत कथा में पुत्र प्राप्ति के लिए षष्ठी देवी की आराधना की जाती है

### पर्यावरण और आस्था का मेल

छठ पूजा पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण है। मिट्टी के दीपक, बाँस की सूप, केले के पत्ते, गन्ना - सब कुछ प्रकृति से जुड़ा है। इसमें किसी कृत्रिम वस्तु या प्रदूषणकारी सामग्री का उपयोग नहीं होता। यह पर्व सिखाता है - प्रकृति ही पूजा है।

### आज के संदर्भ में छठ पूजा

जब आधुनिक जीवन में समय की कमी और कृत्रिमता बढ़ रही है, तब छठ पूजा हमें सिखाती है कि सादगी ही सबसे बड़ी शक्ति है। यह पर्व हमें अनुशासन, संयम और सामूहिकता का अर्थ समझाता है।

श्रद्धा सच्ची हो तो सूर्य भी झुक जाते हैं।

सूर्यदेव सबके जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और समृद्धि भरें।


**इंजीनियर अजय कुमार बियानी**
निपानिया, इंदौर

## आंचलिक

# नेशनल हाईवे पर लगा रहा ट्रैफिक जाम, महाराष्ट्र-गुजरात के पर्यटकों से बढ़ा दबाव, पुलिस रही अलर्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** ●इंदौर-इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़वाह में दिनभर भारी यातायात दबाव बना रहा। सुबह से ही सड़क की दोनों लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कई बार आवागमन पूरी तरह थम गया। शहर में यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त रही, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।



बड़वाह पुलिस के अनुसार, दीपावली के बाद गुजरात और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में पर्यटक ओंकारेश्वर और उज्जैन दर्शन के लिए निकल रहे हैं। इसी कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की संख्या सामान्य दिनों से कई गुना अधिक हो गई। गुजरात के व्यापारी दीपावली के बाद अवकाश लेकर पर्यटन स्थलों की यात्रा करते हैं, जिससे यातायात का दबाव अचानक बढ़ गया।

टीआई बलराम सिंह राठौर ने बताया कि यातायात नियंत्रित करने के लिए करीब 15 पुलिसकर्मियों को विभिन्न बिंदुओं पर तैनात किया गया है। इसके बावजूद चालक जल्दी निकलने के प्रयास में तीन-तीन लाइनें बना देते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। मोरटक्का पुल से लेकर उमरिया चौकी तक का इलाका सबसे अधिक प्रभावित रहा। राजमार्ग के दोनों ओर पेट्रोल-डीजल पंपों और ढाबों पर भी वाहनों की भीड़ लगी रही। कई बार बसें और मालवाहक वाहन एक-दूसरे के आमने-सामने फंस गए, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

टीआई ने अनुमान जताया कि रविवार को भी इसी तरह का वाहन दबाव बना रहेगा, क्योंकि पर्यटन सीजन के चलते यात्रियों और श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अनुशासन में रहकर एक लाइन में चलने और अनावश्यक ओवरटेक न करने की अपील की है।

### स्थानांतरण के बाद सीएमओ ने किया 50 लाख का भुगतान

# पार्षदों ने नगरीय प्रशासन विभाग से उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर**● बुरहानपुर के नेपानगर नगर पालिका के पार्षदों ने तत्कालीन सीएमओ शैलेंद्र सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षदों का कहना है कि चौहान ने 30 मई 2025 को अपना स्थानांतरण होने के बाद भी ठेकेदारों को 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया। यह भुगतान तबादले के पांच दिन बाद तक किए गए। पार्षदों ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगरीय प्रशासन विभाग से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

पार्षदों ने शनिवार शाम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शैलेंद्र सिंह चौहान का तबादला 30 मई 2025 को हुआ था। इसके बावजूद, उन्होंने अपने स्थानांतरण के पांच दिन बाद तक ठेकेदारों को भुगतान किए। पार्षदों के अनुसार, ये भुगतान बिना पीआईसी (परिषद) की अनुमति या वार्ड पार्षदों को जानकारी दिए बिना किए गए।

पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि तत्कालीन सीएमओ ने बिना अनुमति के टेंडर स्वीकृत कर नगरीय प्रशासन विभाग के मुख्य अभियंता को भेजे। तुरंत तकनीकी स्वीकृति लेकर टेंडर भी लगाए गए। उन्होंने उन कार्यों के भी टेंडर लगाए जो पहले ही पूरे हो चुके थे, जिसे शासन की कार्यप्रणाली के विपरीत बताया गया है।

पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सावकारे ने मांग की है कि शैलेंद्र सिंह चौहान के कार्यकाल में किए गए सभी भुगतानों, विशेषकर स्थानांतरण के बाद किए गए भुगतानों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन ठेकेदारों के भुगतान रोके गए थे, उनकी भी जांच हो।

सावकारे ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे पहले नगरीय प्रशासन जेडी इंदौर और फिर भोपाल स्तर पर शिकायत करेंगे। उन्होंने कार्रवाई न होने पर अर्धनग्न प्रदर्शन करने, अधिकारियों को चूड़ियां भेंट करने और भोपाल में आंखों व मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने की भी बात कही।

# खंडवा में धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम का नतीजा, मेडिकल कॉलेज स्टाफ को दिवाली बोनस मिला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● दिवाली त्योहार के दौरान बोनस न मिलने पर खंडवा मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने धरना दे दिया था। खाद न मिलने पर किसानों ने चक्काजाम किया। खराब सड़क को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई। नतीजा यह हुआ कि सरकार और प्रशासन का इन मुद्दों पर ध्यान गया और समस्याओं का तय समय में सुलझा लिया गया। खंडवा मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स एजेंसी एजाइल सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पदस्थ कर्मचारियों ने बुधवार के दिन धरना दे दिया था। वजह दिवाली त्योहार पर बोनस न मिलना था। प्रदर्शन के बाद एजाइल कंपनी के मैनेजर ने बोनस व लीव वेजेस की शीट भुगतान के लिए बैंक को दी। कंपनी ने 284 आउटसोर्स



कर्मचारियों को अनुमानित करीब 40 लाख रूपए के बोनस की राशि संबंधितों के खातों में जमा करा दी गई हैं। लीव वेजेस की राशि भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। जिला विपणन अधिकारी श्वेता सिंह ने बताया कि, गुरुवार को जिले के किसानों के लिए डीएपी खाद की रैक मिली है। जिले के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उर्वरक वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 700 मैट्रिक टन खाद सेवा सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जाएगी। 100 मैट्रिक टन खाद खंडवा डीएलसी को मिलेगी। इसके अलावा 25 मैट्रिक टन खाद एमपी एग्रो को देंगे।25 अक्टूबर को डीएपी खाद की एक और रेक जिले में आना प्रस्तावित हैं। जिससे सहकारी क्षेत्र में 1350 मैट्रिक टन खाद और मिलेगी। इस रैक में से 800 मैट्रिक टन खाद सेवा सहकारी समितियों को 300 मैट्रिक टन, मार्कफेड को 200 मैट्रिक टन खाद विपणन समितियों को, तथा 50 मैट्रिक टन खाद एमपी एग्रो को उपलब्ध कराई जाएगी। डीएमओ श्वेता ने बताया कि, डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही हैं।

# कल्टीवेटर लगा ट्रैक्टर पलटा, दबने से किसान की मौत, खेत पर जुताई करने जा रहा था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा में ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पंधाना क्षेत्र के ग्राम खरखरी गांव की है। किसान अपना ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई करने जा रहा था। ढ़लान क्रॉस करते वक्त ट्रैक्टर में लगे कल्टीवेटर का संतुलन बिगड़ा और एकतरफा झुकाव होने के चलते वह पलटी खा गया। दबने से ट्रैक्टर ड्राइवर ने दम तोड़ दिया। मामला शनिवार देर शाम का है, मृतक की पहचान खरखरी गांव के रहने वाले राजेश पिता मुन्ना वासरे के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ही शव बरामद किया और गांव से लगे खरगोन जिले के झिरन्या अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम झिरन्या में होगा। इधर, मृतक राजेश के परिवार में पत्नी और दो मासूम बच्चे हैं। कुछ साल पहले ही उसने ट्रैक्टर खरीदा था। खुद की



जमीन के साथ वह अन्य किसानों को भी खेत जुताई में मदद करता था। गांव में ही दो महीने पहले गणेश उत्सव के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई थी। गणेश पांडाल में गिरी आकाशीय बिजली ने 17 साल के सुरेश वासरे को चपेट में ले लिया था। इस हादसे में सुरेश की मौत हो गई थी। मृतक सुरेश, ट्रैक्टर पलटने से दबने के कारण जान गवांने वाले राजेश का चचेरा भाई था। एक ही परिवार ने दो महीने के भीतर जवान बेटों को खो दिया है। पूरा परिवार दर्द और मातम में डूब गया है।

# स्कूल में योग से पहले नमाज, टीचर सस्पेंड, 5वीं की छात्राओं ने करके बताए स्टेप्स, अफसर जांच करने पहुंचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर**● बुरहानपुर में सूर्य नमस्कार से पहले स्कूली बच्चों को नमाज कराने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) संतोष सिंह सोलंकी खुद स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने बच्चों से पूरे मामले की जानकारी ली। मामला देवरी के एक सरकारी स्कूल का है। 5वीं की छात्राओं ने बताया कि उन्हें सूर्य नमस्कार से पहले नमाज की स्टेप्स कराई जाती थी। उन्होंने स्टेप्स करके भी दिखाए। बच्चों के बयानों के बाद डीईओ ने आरोपी शिक्षक जबूर अहमद तड़वी को सस्पेंड कर दिया है। अपर कलेक्टर (एडीएम) वीर सिंह चौहान ने भी इसकी पुष्टि की है। आरोपी टीचर जबूर अहमद तड़वी ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह अभी अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार स्कूल की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। इसके लिए शासन द्वारा दी गई किताब के स्टेप्स का ही पालन किया जाता है। उन्होंने आरोपों को गलत बताया।

# बिना काम कराए 1.57 लाख के बिल लगाए, डीएफओ ने दो वनपालों को किया निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर**● बुरहानपुर में वन विभाग में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य कराए बिना ही लाखों रुपए के बिल लगाकर राशि निकालने के आरोप में डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने दो वनपालों को निलंबित कर दिया है। इनमें एक भावसा चौकी प्रभारी और दूसरा चौंडी बीट प्रभारी शामिल हैं। डीएफओ विद्याभूषण सिंह द्वारा जारी निलंबन आदेश के अनुसार, वन मंडल सामान्य बुरहानपुर के शाहपुर परिक्षेत्र में यह अनियमितता पाई गई। वन चौकी भावसा के तहत बीट दक्षिण चौंडी के कक्ष क्रमांक 421 में निरीक्षण के दौरान आईडब्ल्यूसी कूप में प्रस्तुत प्रमाणकों के अनुसार मौके पर कोई कार्य नहीं मिला। बिना कार्य कराए ही 1.57 लाख रुपए के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए थे, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त, कक्ष क्रमांक 422 में 20 हेक्टेयर कैम्पा मद के तहत एनपीवी बिगड़े वनों का सुधार योजना 2024-25 के पौधारोपण में एक अवैध टप्पर (झोपड़ी) पाया गया। यह पौधारोपण की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इन अनियमितताओं के चलते, कार्यवाहक वनपाल चौकी प्रभारी भावसा योगेश महाजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय वन परिक्षेत्र नावरा रहेगा।

# हर्षित को गंभीर ने दी थी चेतावनी, प्रदर्शन करो या बहार होने के लिए तैयार रहो



**सिडनी (एजेंसी)** • भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम में शामिल किये जाने के बाद से ही निशाने पर थे। पहले दो मैच में खराब गेंदबाजों के बाद उनके आलोचक और मुखर हो गये थे और उनका कहना था कि हर्षित अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाज नहीं है पर अंतिम एकदिवसीय में इस युवा ने चार विकेट लेकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। हर्षित ने 8.4 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए। इस युवा ने गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी की। दूसरे एकदिवसीय में भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके बाद भी कई लोगों का मानना है कि उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि हर्षित के अच्छे प्रदर्शन के पीछे कोच गौतम गंभीर की उन्हें दी गयह चेतावनी थी। गंभीर ने उनसे प्रदर्शन करने या बाहर बैठने के लिए तैयार रहने को कहा था। हर्षित के बचपन के कोच श्रवण कुमार ने बताया कि उसके एकदिवसीय टीम में चयन पर सवाल उठाए गए थे। सिडनी मैच में हर्षित को अर्शदीप सिंह के ऊपर चुना गया, जिससे कई लोग हैरान रह गए। इसी दौरान गंभीर ने उसने प्रदर्शन करने या बाहर होने के लिए तैयार रहने कहा था। श्रवण ने कहा, उसने मुझे फोन किया और बताया कि वह अपने प्रदर्शन से बाहरी लोगों की बातों और आलोचनाओं को शांत करना चाहता है। तब मैंने बस कहा, 'खुद पर विश्वास रखो.' मुझे पता है कि कुछ क्रिकेटर कहते हैं कि वह गंभीर के करीब है इसलिए टीम में है पर ये सही नहीं है . लेकिन गंभीर को प्रतिभा की पहचान करना आता है। इसलिए. वह उनका समर्थन करते हैं उन्होंने पहले भी कई क्रिकेटरों का समर्थन किया है

## 43वी मप्र स्टेट योगा चैंपियनशिप इंदौर जिला ओवरऑल चैंपियन

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** •मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा समर्थ मठ में आयोजित 43वी मध्यप्रदेश स्टेट योगा चैंपियनशिप में इंदौर जिले ने टीम मुकाबलों में 6 आयु वर्ग में प्रथम, 2 आयु वर्ग में तृतीय एवं व्यक्तिगत मुकाबलों में 6 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया । विजेता खिलाडियों को मप्र योगा एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ नगर उपाध्यक्ष नितिन मालू, ईश्वर सिंह चौहान, नवीन गौड़, अनुराग तिवारी, कृष्ण गोपाल मिश्रा ने पुरस्कृत किया । अतिथियों का स्वागत रुद्राक्ष शर्मा, प्रदीप तिवारी, विरेन्द्र गुर्जर, सतीश मालवी, मनीष राठौर आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन मानसी बागोरा व आभार प्रदर्शन रोहित बाजपई ने किया । चैंपियनशिप के परिणाम इस प्रकार है- बालिका टीम- किड्स- इंदौर जिला प्रथम, रतलाम कार्पोरेशन द्वितीय, उज्जैन जिला तृतीय । मिनी- इंदौर जिला प्रथम, इंदौर कार्पोरेशन द्वितीय, रतलाम जिला तृतीय । सब जूनियर- इंदौर जिला प्रथम, इंदौर कार्पोरेशन द्वितीय, रतलाम जिला तृतीय । जूनियर- शिवपुरी जिला प्रथम, इंदौर कार्पोरेशन द्वितीय, इंदौर जिला तृतीय ।

## इंदौर फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अभिनव कला समाज गांधी हाल में इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22 वीं इन्दौर जिला फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ ओम सोनी उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के मुख्य आतिथ्य में तथा अनिल गुप्ता जिला क्रीड़ा अधिकारी, शिक्षा विभाग इंदौर स्कूल की अध्यक्षता में असिता शर्मा डायरेक्टर मशवरा वेलफेयर सोसाइटी और विपिन गांधी अध्यक्ष फेडेरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज अंतराष्ट्रीय संगठन के विशेष आतिथ्य में का शुभारंभ किया गया। संचालन अब्दुल राशिद ने किया तथा मास्टर सईद आलम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अनफाल अंसारी, शिनम खान, सोफिया अहमद , अहद खान ने किया।




## सिने जगत

# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन



**मुंबई (एजेंसी)** • माइक्रोसॉफ्ट छोड़कर अभिनय का रुख करनेवाली कुब्रा सैत को अपने पुराने दिन याद आ रहे हैं। कुब्रा सैत ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। कुब्रा ने कुछ थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सन 2009: स्प्रेडशीट्स और सपनों के बीच कहीं मैंने माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोड़कर मुंबई जाने का फैसला किया।सब कहते थे, 'पोर्टफोलियो' चाहिए। पोर्टफोलियो यानी उस बड़े शहर का मानो जादुई टिकट। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फोटोग्राफर सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह।कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है।

# फिल्म 'एक कुड़ी' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई (एजेंसी)** •पंजाबी फिल्म 'एक कुड़ी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म के टेलर ने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। ट्रेलर में अभिनेत्री शहनाज गिल एक ऐसी लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं जो एक अच्छे जीवनसाथी की तलाश में पंजाब के अपने गांव पहुंचती है और वहां जाकर अपने होने वाले दूल्हे को करीब से समझने की कोशिश करती है। फिल्म के ट्रेलर में फैमिली कॉमेडी, रिश्तों की नजाकत और शादी से पहले की भावनाओं का खूबसूरती से मिश्रण दिखाया गया है। शहनाज का किरदार पूरे परिवार के साथ मिलकर उस लड़के को परखने निकलता है जिससे उसकी शादी तय हुई है। हल्के-फुल्के अंदाज और हास्य से भरपूर इस कहानी ने दर्शकों को खूब हंसा दिया है। फैंस ने ट्रेलर को देखकर जमकर प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने लिखा, वाह! शहनाज कमाल की लग रही हैं, ट्रेलर बहुत शानदार है, फिल्म का इंतजार रहेगा। वहीं, दूसरे ने कहा, गजब! कहानी, संवाद और गाने सब कुछ एकदम परफेक्ट। ट्रेलर रिलीज से पहले ही फिल्म के गाने लोकप्रिय हो चुके हैं, खासकर यो यो हनी सिंह के साथ शहनाज पर फिल्माया गया गाना फैंस के बीच हिट हो गया है। इस गाने को यूट्यूब और सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। अभिनेत्री हिना खान ने भी ट्रेलर की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए फैंस से 'एक कुड़ी' देखने की अपील की और शहनाज की एक्टिंग को नेचुरल और दिल को छू लेने वाला बताया।

# उज्जैन संभाग

## बाबा महाकाल की कार्तिक माह की पहली सवारी आज कलेक्टर ने व्यवस्थाओं के निर्देश दिए; सवारी में पहली बार मंदिर का बैंड भी शामिल होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • भगवान महाकाल की कार्तिक माह की पहली सवारी सोमवार, 27 अक्टूबर को शाम चार बजे निकलेगी। इस दौरान भगवान मनमहेश के रूप में नगर भ्रमण करेंगे। जिला प्रशासन और मंदिर समिति ने सवारी की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कार्तिक-अगहन मास की सवारियों के लिए विभिन्न विभागों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से 3 नवंबर को निकलने वाली हरिहर मिलन सवारी के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने हरिहर मिलन सवारी के दौरान फायर ब्रिगेड दल, मोटरसाइकिल फायर ब्रिगेड और फायर एक्सटिंगिवीशर कर्मियों को पालकी के आगे-पीछे तैनात करने के निर्देश दिए। सवारी मार्ग में आने वाली लगभग 20 गलियों में भी फायर एक्सटिंगिवीशर कर्मी तैनात रहेंगे। इस बार सवारी में पहली बार मंदिर का बैंड भी शामिल होगा, जो मुख्य आकर्षण रहेगा। मंदिर के आशीष पुजारी ने बताया कि भगवान महाकाल की मूर्ति विष्णु तुल्य है। इसलिए श्रावण मास की तरह कार्तिक मास शुक्ल पक्ष के पहले सोमवार को भगवान महाकाल नगर भ्रमण पर निकलते हैं। जो श्रद्धालु श्रावण मास में दर्शन नहीं कर सके, वे कार्तिक मास में भगवान के दर्शन करते हैं। कार्तिक मास की सवारी का विशेष महत्व है। सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर गुदरी चौराहा, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंचेगी। यहां मां शिप्रा के जल से पूजन-अर्चन के बाद सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुन: महाकाल मंदिर लौटेगी। सवारी में पुलिस बैंड, महाकाल मंदिर का बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान और भजन मंडलियां शामिल होंगी।

## चाकू मारने वाले सहित कई रिकॉर्डधारी युवकों ने कान पकड़कर मांगी माफी

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • सोशल मीडिया पर आपराधिक रील बनाकर आम लोगो को डराने धमकाने वालों पर उज्जैन पुलिस ने पकड़कर सामूहिक माफी मंगवाई है। शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर 50 से अधिक रिकॉर्डधारियों ने कान पकड़कर माफी मांगी है। कान पकड़कर नारे लगाते हुए बदमाशों ने एक साथ कहा, अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है। इस दौरान पुलिस ने सभी को सोशल मीडिया के उपयोग शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और सकारात्मकता फैलाने के लिए किया जाना चाहिए। गलत संदेश फैलाने से बचने की सलाह दी। सोशल मीडिया पर आपराधिक और हथियारों के प्रदर्शन की रील पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की गई। साइबर की टीम को निर्देश करने के बाद इस तरह की रील पोस्ट करने वालो को पकड़ा है। जिसके चलते पुलिस ने करीब 50 ऐसे युवकों को तलब किया जिनका चाकू मारने, धमकाने सहित अन्य आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। एएसपी नीतेश भार्गव ने सभी को अब अपराध नहीं करने की शपथ दिलाते हुए बांड भी भरवाए।

# दर्शनार्थियों के लिए 2 करोड़ से बनी स्मार्ट पार्किंग 44 माह में ही तोड़ रहे, नई कहां बनाएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकालेश्वर मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए स्मार्ट पार्किंग को जिम्मेदारों ने 44 माह में ही तोड़ने की तैयारी कर ली। नया स्पॉट तैयार करने से पहले ही यहां पार्किंग बंद करते हुए तोड़ना शुरू कर दिया। 400 वाहनों की क्षमता वाले पार्किंग को तोड़ने से पहले जिम्मेदारों ने आम दर्शनार्थियों के लिए नए विकल्प का इंतजाम भी नहीं किया।

जो स्मार्ट पार्किंग तोड़ा जा रहा है] वह महाकाल लोक निर्माण के बाद बढ़ते दर्शनार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए बनाया था, इसका फायदा भी मिला। वाहनों के व्यवस्थित पार्क होने से ट्रैफिक कंट्रोल में भी आसानी रही, लेकिन इस स्पाट पर अब रोप-वे स्टेशन बनाना तय हो गया। अफसरों ने जगह तय करते ही 2022 में बनकर तैयार हुए पार्किंग स्थल को तोड़ना शुरू करा दिया।

आम लोगों का प्रवेश रोकने के लिए चारों तरफ लोहे के चद्दर लगा दिए हैं यानी महाकाल लोक के बाद शुरू हुई पार्किंग सुविधा अब बंद हो गई। इस कारण आम दर्शनार्थियों के सामने वाहन पार्किंग की नई परेशानी खड़ी हो गई है। उन्हें अपना वाहन खड़ा करने के लिए अन्य विकल्प तलाशने पड़ रहे हैं। क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ने लगा है। हालांकि मंदिर के पास दो अन्य पार्किंग ?है लेकिन उनकी क्षमता कम है। आमजन को पार्किंग का लाभ बहुत कम समय मिला साल 2022 में बनकर शुरू हुए स्मार्ट पार्किंग स्थल पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इतनी बढ़ी राशि खर्च कर बनाए पार्किंग का लाभ आम दर्शनार्थियों को सिर्फ 44 माह ही मिल सका। फरवरी 2022 में शुरू हुए पार्किंग जिम्मेदारों ने अक्टूबर 2025 में तोड़ना ही शुरू करा दिया। इस पार्किंग में 400 वाहन खड़े होने की जगह थी। इसमें 120 कारें, 200 बाइकें सहित अन्य वाहन शामिल हैं। पुरानी पार्किंग रोप-वे के कारण हटा रहे ट्ररोप-वे निर्माण के कारण पुराने पार्किंग स्थल को हटाया जा रहा है। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तकिया मस्जिद के पास नया पार्किंग बनाने का प्लान है। इसके लिए मंदिर से जमीन की मांग की है। यदि यह जमीन मिल जाएगी तो यहां भी इतना ही बड़ा पार्किंग स्थल बन जाएगा। संदीप शिवा, सीईओ स्मार्ट सिटी

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर रैली, राजस्थान की तर्ज पर प्रदेय में आरक्षण लागू करने की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • श्री राजपूत करणी सेना ने रविवार को उज्जैन से मध्य प्रदेश में %ईडब्ल्यूएस सवर्ण क्रांति% का आगाज किया। संगठन ने प्रदेश सरकार से सामान्य वर्ग के लिए दिए गए ईडब्ल्यूएस आरक्षण को राजस्थान की तर्ज पर लागू करने की मांग की है। करणी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) के पदाधिकारियों ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को राजस्थान की तर्ज पर लागू करने की मांग को लेकर एक रैली निकाली। बारिश के कारण रैली थोड़ी देरी से शुरू हुई। इस शांति मार्च में जिले की विभिन्न तहसीलों से राजपूत समाज के साथ ब्राह्मण समाज और अन्य सामान्य वर्ग के लोग भी शामिल हुए। रैली दशहरा मैदान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद पार्क पहुंची, जहां एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव और अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। संगठन के प्रदेश प्रभारी ठा. जसवंत सिंह रुणजी ने बताया कि सामान्य वर्ग को मिले 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। उनकी मांग है कि इस आरक्षण को राजस्थान की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी लागू किया जाए। रुणजी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती है, तो उज्जैन से शुरू हुआ यह आंदोलन पूरे मध्य प्रदेश में जिला स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस आंदोलन में सामान्य वर्ग के अन्य संगठन भी उनके साथ जुड़े हुए हैं।

## महाकाल मंदिर में संत और पुजारी विवाद में कार्रवाई, दोनों पर 15 दिन के लिए मंदिर में प्रवेश पर रोक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकाल मंदिर के गर्भगृह में बुधवार सुबह मंदिर के पुजारी और संत के बीच हुए विवाद के बाद महाकाल मंदिर समिति ने महंत महावीर नाथ और पुजारी महेश गुरु के मंदिर में प्रवेश पर 15 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बुधवार सुबह लगभग 8 बजे महावीरनाथ, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, उज्जैन, अपने साथ दो से तीन लोगों को लेकर महाकाल गर्भगृह में प्रवेश किए थे। उस समय मंदिर के नियमों को लेकर महंत महावीरनाथ और पुजारी महेश शर्मा के बीच विवाद हुआ। इसका वीडियो वायरल होने के बाद दोनों ही पक्ष लगातार एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे थे। वायरल वीडियो में महंत और पुजारी दोनों एक-दूसरे से भिड़ते हुए नजर आए थे। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। घटना के चार दिन बाद मंदिर प्रशासन ने महंत महावीरनाथ और पुजारी महेश शर्मा को 15 दिन के लिए महाकाल मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंधित किया है।

## अनुज्ञा देने आधी रात तक मशक्कत, ऑफलाइन हुई खरीदी के दूसरे दिन स्वेपिंग मशीन में एंट्री नया सिरदर्द

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •24 अक्टूबर से शुरू हुई सोयाबीन पर भावांतर भुगतान योजना में पहले ही दिन मंडी बोर्ड की तकनीकी टीम की खामी सामने आई। 15 दिन पहले से योजना की पूरी तैयारी कर लेने का दावा करने वाले अधिकारी पहले दिन पोर्टल ठीक नहीं कर सके। आनन-फानन में ऑफ लाइन हाथ से पर्ची काटकर माल को खरीद लिया गया, लेकिन व्यापारियों को अनुज्ञा देने आधी रात तक मशक्कत करते रहे। गनीमत रही की शनिवार को अवकाश के कारण मंडी नहीं खुली। नहीं तो किसान और व्यापारी सब उलझकर रह जाते। शनिवार को पूरे दिन पोर्टल में सुधार चलता रहा।

## सीवरेज लाइन पर सिंहस्थ में दबाव रहेगा, रोज 300 कनेक्शन दें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सीवरेज लाइन पर सिंहस्थ के समय अत्यधिक दबाव रहेगा। इसलिए इस प्रोजेक्ट का समय रहते पूरा होना जरूरी हैं। इसी चिंता को लेकर शनिवार को संभागायुक्त व मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने टाटा सीवरेज प्रोजेक्ट के कार्य का निरीक्षण किया। मंछामन क्षेत्र में हाउस सर्विस कनेक्शन कार्य के दौरान मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि 15 दिन की समयावधि में 10 नवंबर तक वर्क प्लान बनाकर 300 कनेक्शन प्रतिदिन करें। कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि नागरिकों को असुविधा ना हो। कलेक्टर सिंह ने कहा कि निरीक्षण में ये जानकारी सामने आई कि करीब 40 हजार घरों के कनेक्शन दिए जाने बाकी है। ठेकेदार को चेतावनी दी है कि वे इन कनेक्शनों को देने का काम जल्द पूरा करें। काम में गति नहीं आने पर एजेंसी को बाहर करने सहित अनुबंधों का पालन नहीं करने पर अन्य कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने रेतीघाट क्षेत्र में भी पाइप लाइन बिछाने के कार्यस्थल का निरीक्षण किया। खुदाई एवं पाइप बिछाने के कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

# स्कूली शिक्षा विभाग की सुस्ती के बीच निजी स्कूलों का 'खेला', प्रायवेट विद्यार्थियों को बताया नियमित

आशीष गुप्ता (9425064357)

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • माध्यमिक शिक्षा मंडल और जिला शिक्षा विभाग प्रदेश के स्कूली शिक्षा विभाग के ही अंग माने जाते हैं, लेकिन दोनों के ही बीच में आपसी तालमेल और सामंजस्य के अभाव के चलते माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षाओं के लिए भरवाए जा रहे परीक्षा फॉर्म को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। इसमें कई निजी स्कूलों के द्वारा अपनी क्षमता से अधिक नियमित छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरवाएं गए हैं। अगर बात करें इंदौर की तो यहां के खजराना, नगीन नगर और नेहरू नगर के कतिपय स्कूलों ने अपनी क्षमता से ज्यादा बच्चों के रेगुलर फॉर्म भरवाए गए। सूत्रों के अनुसार इन स्कूलों ने विभागीय ढ़िलपोल का फायदा उठाकर प्राइवेट विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भी नियमित विद्यार्थी के रूप में भरवाए। गौरतलब है कि मंडल का ही नियम है जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75% हो उन्हें ही नियमित माना जाए, लेकिन दुर्भाग्य से शिक्षा विभाग के पास विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का कोई भी सिस्टम नहीं है। वहीं ना मंडल के अधिकारी और ना ही जिला शिक्षा अधिकारी ऐसे मामलों में कोई कार्रवाई करते हैं। इसी का फायदा उठाकर कुछ निजी विद्यालयों ने केवल नियमित छात्रों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से बाहर के विद्यार्थियों के फॉर्म भी अपने विद्यालय के नाम से भर दिए हैं। ऐसा करने से न केवल बोर्ड परीक्षा की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगता है, बल्कि वे सरकारी नियमों का खुला उल्लंघन भी कर रहे हैं। इन स्कूलों द्वारा यह कदम, संभवतः अधिक परीक्षा शुल्क वसूलने या विद्यालय की साख बढ़ाने के लिए उठाया गया है। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारी अब जांच के लिए कह रहे है लेकिन पारदर्शी परीक्षा आयोजित करने वाले मंडल के अधिकारियों को ऐसे गंभीर मामलों में संज्ञान लेना भी उचित नहीं लगता है।

## कमरे 4-5 पर परीक्षार्थियों की संख्या 300 पार

इस पूरे मामले में विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार होने वाली बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में ऐसे छोटे-छोटे स्कूल जिनके पास मात्र 4 से 5 कमरे हैं, वे भी अपने यहां 300 से अधिक नियमित विद्यार्थियों की संख्या दर्शा रहे हैं। वहीं कुछ स्कूल ऐसे भी सामने आए हैं, जो आवासीय स्थल पर संचालित हो रहे हैं, वे भी अपने यहां 400 से अधिक परीक्षार्थियों के नियमित होने के आधार पर परीक्षा फॉर्म भरवा रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इन स्कूलों के संचालकों के साथ मंडल के आंचलिक कार्यालय के कुछ कर्मचारियों का भी एक समूह बना हुआ है, जो इस तरह से प्रायवेट परीक्षार्थियों को नियमित परीक्षा दिलाकर लंबा खेल करने में लगे हुए हैं। बहरहाल अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस तरह के फर्जीवाड़े पर रोक लगाते हैं?

बोर्ड परीक्षा मे स्कुलो द्वारा अपनी क्षमता से अधिक बच्चों को नियमित के तौर पर बैठाया जा रहा है यह गलत है। अब स्कुलो को मान्यता देते समय इस बिन्दु को शामिल किया जायेगा जिससे कि क्षमता से अधिक बच्चो को प्रवेश नही दे सकेंगे

**- संभागीय संयुक्त संचालक**
लोक शिक्षण इंदौर संभाग

अगर ऐसा है तो हम ऐसे स्कूलों को जांच करेंगे जिन्होंने क्षमता से अधिक विद्यार्थी बैठाए है

**- डॉ शांतास्वामी भार्गव**
जिला शिक्षा अधिकारी जिला इंदौर

माध्यमिक शिक्षा मंडल के आंचलिक अधिकारी श्रीमती प्रीति जैन से इस खबर के संबंध में जब विभाग का पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसी तरह संभागीय अधिकारी श्रीमती ज्योति भास्कर ने सवाल सुनने के बाद छुट्टी पर होने का हवाला दिया।

# एमवायएच में शराब पीकर नहीं घुस सकेंगे लोग

### ब्रिथ एनलाइजर से हो रही अटेंडर की गेट पर चैकिंग



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • एमवायएच में चूहा कांड के बाद से अस्पताल प्रशासन लगातार प्रबंधन में कसावट लाने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत जहां पूर्व में मीडिया को लेकर सख्ती दिखाई थी, तो अब अस्पताल में प्रवेश द्वारा ब्रिथ एनालाइजर से अटैंडर की जांच शुरू कर दी गई है। इसके तहत कोई भी मरीज का परिजन शराब पीकर अस्पताल में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इसके लिए अस्पताल के मुख्य द्वारा पर आने वाले मरीजों के परिजनों की ब्रिथ एनाइलजर से जांच शुरू कर दी गई है।

साथ ही सुरक्षाकर्मियों के सख्ती से निर्देश दिए गए हैं कि बिना गेट पास के इंट्री किसी को न दी जाए। अस्पताल के तलघर और परिसर के आसपास भी लगातार सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में मरीज और उनके परिजनों के लिए जो समाजसेवी और समाजसेवी संस्थाएं भोजन का वितरण करते थे, उस पर पहले से रोक लगा दी गई। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि भोजन के झूठ के कारण चूहे, काकरेच पनपते हैं। अब किसी भी संस्था या समाजसेवी को भोजन कराना हो तो शा. कैंसर अस्पताल के पीछे बने भोजशाला में वो भोजन करा सकते हैं।

### पूरे शहर में हर हिस्से में बिगड़ता रहता है ट्रैफिक, सहयोग का आश्वासन

# स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक को सुधारने के लिए पुलिस के स्मार्ट अभियान का हुआ श्रीगणेश

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • शहर के ट्रैफिक को सुधारने के लिए अब आम जनता की भागीदारी बढाई जा रही है। इसमें ट्रैफिक पुलिस भी विशेष उपाय करेगी। ट्रैफिक पुलिस ने अब स्मार्ट सिटी के बिगडैल ट्रैफिक को सुधारने के लिए स्मार्ट पहल करते हुए ट्रैफिक प्रहरी अभियान का श्रीगणेश किया है।

अति. पुलिस आयुक्त आरके सिंह तथा डीसीपी जोन-4 यातायात आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था में आम जनमानस की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक प्रहरी अभियान का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर कार्यालय, पलासिया स्थित सभागृह में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक , अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार कौल, सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री, सहायक पुलिस आयुक्त हिंदू सिंह मुवेल सहित यातायात पुलिस के अधिकारी, जिम्मेदार नागरिक व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस अभिनव पहल का स्वागत करते हुए अपने सुझाव एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया।

डीसीपी यातायात कलादगी द्वारा ट्रैफिक प्रहरी कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात प्रबंधन एवं नियम पालन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है ताकि शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके।



### हेल्प लाइन - 600 शिकायतों का निराकरण

ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7049107620 जारी किया गया है। हेल्पलाइन पर शुक्रवार को 8 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 7 का त्वरित निराकरण कर दिया। हेल्पलाइन शुरू होने से लेकर अब तक 606 शिकायत प्राप्त हुई जिनमे से 600 शिकायतो का त्वरित निराकरण किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि सुव्यवस्थित यातायात हेतु इंदौर पुलिस को सहयोग दें और किसी भी प्रकार की ट्रैफिक संबंधी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर सूचना दें।

### नो इंट्री के 13 चालान

ट्रैफिक पुलिस ने 24 अक्टूबर की सुबह से 25 अक्टूबर की सुबह तक नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले 13 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 65 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया और उन्हें हिदायत दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह एनएसयूआई की छात्र जोड़ो यात्रा 31 से, पोस्टर का किया विमोचन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह अब एनएसयूआई मप्र में एक यात्रा निकालने जा रही है, इस यात्रा का नाम छात्र जोड़ो यात्रा रखा गया है, पार्टी पदाधिकारियों ने आज इंदौर में यात्रा का पोस्टर रिलीज किया, एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी के मुताबिक यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ना है। कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अब राहुल गांधी की राह पर चल निकला है, एनएसयूआई ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही छात्र जोड़ो यात्रा निकालने का फैसला लिया है संगठन इसे पूरे मध्य प्रदेश में निकालने जा रहा है, इसकी शुरुआत इंदौर से की जाएगी।



एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने आज इंदौर में मीडिया से बात करते हुए छात्र जोड़ो यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी ने बताया कि छात्र जोड़ो यात्रा की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि 31 अक्टूबर को होगी और इसका समापन उनकी जयंती 19 नवम्बर को यात्रा का समापन होगा। रवि दांगी ने बताया कि यात्रा की शुरुआत इंदौर से की जाएगी यात्रा के दौरान अलग अलग एक्टिविटी की जाएगी, यात्रा के दौरान 9 विधानसभाओं में प्रमुख 6 विश्वविद्यालयों के लगभग 80 कॉलेजों और अनेक छात्रावासों में जाकर छात्रों को एनएसयूआई से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने यात्रा के पोस्टर का विमोचन इंदौर प्रेस क्लब में शनिवार को किया। एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी रवि दांगी, प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल, प्रिंस हार्डिया, विक्रम सिंह सचान और राजवीर लाखा सहित कई पदाधिकारीयों ने इस यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र जोड़ो यात्रा, छात्रों की आवाज को सशक्त करने और उन्हें देश के भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# 'ऑर्गेनिक पोहा' बताकर बेच रहे थे ब्राउन शुगर, पुलिस ने 2 को पकड़ा

### ऐसे चल रहा था ड्रग्स का कारोबार

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • मध्य प्रदेश में इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी मामले में पुलिस ने मंदिर क्षेत्र के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। सूचना मिली थी कि ये आरोपी ड्रग्स की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर सप्लाई कर रहे हैं। आरोपी ब्राउन शुगर को ऑर्गेनिक पोहा, ऑर्गेनिक दलिया जैसे लेबल लगे पाउच में पैक कर के बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला गर्ज कर लिया है। दरअसल, कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इनके कब्जे से एक बाइक, इलेक्ट्रॉनिक मशीन, तौल उपकरण और तैयार पाउच जब्त किए हैं। पूछताछ में एक आरोपी की पहचान पुलिस ने कर ली है। वो खजराना का रहने वाला है, जबकि दूसरा आरोपी छोटी ग्वालटोली क्षेत्र का रहने वाला है। दोनों के खिलाफ पहले से ही करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी ब्राउन शुगर को ऑर्गेनिक पोहा, ऑर्गेनिक दलिया जैसे लेबल लगे पाउच में पैक कर बाजार में बेचते थे। यह एक नया तरीका है जिससे वे लोगों को भ्रमित कर अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई करते थे। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शहर के बाहर और कोरियर के माध्यम से भी ड्रग्स सप्लाई करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 18 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

# सिरपुर तालाब को मिलेगी दूषित पानी से मुक्ति

### महापौर ने किया 20 एमएलडी एसटीपी निर्माण कार्य का निरीक्षण



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को सिरपुर तालाब क्षेत्र में निर्माणाधीन 20 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। इस दौरान जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू पार्षद शानू शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव ने कहा कि सिरपुर तालाब, जो शहर की ऐतिहासिक और पर्यावरणीय धरोहर है, जल्द ही सीवरेज के दूषित पानी से मुक्त होगा। आसपास की कालोनियों से बहकर आने वाला गंदा पानी अब तालाब में नहीं जाएगा। तालाब के जल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसटीपी निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। यह ट्रीटमेंट प्लांट पूरा होने के बाद न केवल तालाब को दूषित पानी से राहत देगा, बल्कि इसके माध्यम से निकला ट्रीटेड वाटर आसपास के विकसित हो रहे बगीचों और कालोनियों की हरियाली के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसटीपी निर्माण कार्य गुणवत्ता और समय सीमा दोनों का ध्यान रखते हुए पूरा किया जाए।

### संचालक ने जान देने की दी धमकी

# महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पताल को 7 दिन के लिए किया बंद



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • मध्यप्रदेश के धार जिले के नालछा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोदिया में रहने वाली महिला पिंकी पति सुरेश की संदिग्ध मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। महिला का इलाज जिस निजी अस्पताल KSS हॉस्पिटल (धार) में किया गया था, उस अस्पताल को विभाग ने 7 दिनों के लिए सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार पिंकी को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर किया. लेकिन परिजनों ने उसे इंदौर ले जाने के बजाय धार के KSS हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया. वहीं महिला ने एक बच्चे को जन्म तो दिया, लेकिन कुछ घंटों बाद ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण सिकल सेल बीमारी बताया गया है। महिला के बाद नवजात शिशु की भी मौत हो गई।

### गौरव रणदिवे मेरा ही उगाया हुआ पौधा है

# सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बीच कैलाश विजयवर्गीय ने दी सफाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • मध्यप्रदेश के बड़बोले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा के एक कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे और उपाध्यक्ष डॉ.निशांत खरे को लेकर सफाई दी है। विजयवर्गीय ने कहा कि उन पर गौरव के विरोध का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि उन्होंने हमेशा उसका साथ दिया है।

मेरा सौभाग्य है कि राजनीति में जब-जब मुझे अवसर मिला है गौरव को आगे बढ़ाने का काम किया है। गौरव जब महामंत्री बन गए तो सोशल मीडिया पर चल रहा है कि मंत्री के विरोध के बाद भीज्तो एक बात सब लोग ध्यान रखें मैं जो पौधा लगाता हूं, उसको कभी काटता नहीं हूं। जो मुझे अच्छा नहीं लगता उसके लिए बोल देता हूं। मैंनै गौरव को कई बार बोला है। मंत्रीजी ने कहा कि मुझे यह बात पहले से ही पता थी कि निशांतजी महामंत्री बनने वाले हैं और गौरव उपाध्यक्ष, लेकिन गौरव महामंत्री बन गए और निशांतजी उपाध्यक्ष। चूंकि संगठन की मर्यादा है। मैं राष्ट्रीय महामंत्री रहा हूं तो कौन सी बात कहां कहनी है यह मुझे पता है। दोनों हमारे जिम्मेदार कार्यकर्ता हैं।

भाजपा में चर्चा है कि आखिर मंत्रीजी को इस मामले में सार्वजनिक मंच से क्यों सफाई देनी पड़ी। अगर सोशल मीडिया पर चर्चा चल भी रही हो तो भी इतने बड़े मंत्री को इसे इग्नोर करना था। लेकिन, मंत्रीजी को दरअसल यह कहना था कि गौरव को राजनीति में मौका उन्होंने ही दिया और वह यह बात कह गए।





■ भाजपा नगर कार्यालय में हुआ प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे का भव्य स्वागत! नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से हुआ अभिवादन! मौके पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।